
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

ज्येष्ठ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - दशमी , संवत 2079 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-13, 25 मई - 31 मई, 2022 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## सटीक

## मेंहदी लगे हाथ प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित क्यों?



**शिव दयाल मिश्रा**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**शिक्षा** प्राप्त करने के बाद अधिकतर युवाओं के दिमाग में सरकारी नौकरी का विचार ही कौंधता रहता है। इसलिए सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं सहित नौकरी प्राप्त करने की निर्धारित उम्र के पात्र महिला और पुरुष सभी अपनी तैयारियों में लगे रहते हैं। जैसे ही इनको सरकारी नौकरी के लिए निकली रिक्तियों का पता चलता है, सब कोचिंग की तरफ दौड़ते हैं। कुछ जो शहरों में रहते हैं वे वहां कोचिंग इंस्टीट्यूट ढूंढ़ते हैं तो गांवों में रहने वाले अभ्यर्थी शहरों की ओर दौड़ने लगते हैं। सब इस उम्मीद के साथ कि अपनी नौकरी लग जाएगी तो जीवन सुधर जाएगा। जीवनभर की रोजी-रोटी मिल जाएगी। महीनों-महीनों तैयारियों में जुटे रहते हैं। इस दौरान किसी के घर में शादी-विवाह या मांगलिक कार्य भी होते रहते हैं। ऐसे में महिला अभ्यर्थियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार देखा जाता है और टीवी चैनलों एवं अखबारों में खबरें भी देखने पढ़ने को मिलती हैं। कोई गर्भवती होती है तो किसी की शादी हो रही होती है तो किसी की शादी होने वाली होती है। ऐसे में महिलाएं अपने हाथों में मेंहदी भी लगाती हैं। इस दौरान सूचना मिलती है कि परीक्षा की तारीख घोषित हो गई है वो भी हफ्ते-दस दिन बाद की। परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश से पहले कई वस्तुओं को बाहर ही रखवा दिया जाता है। कई तरह के नियम होते हैं उनकी पालना करनी पड़ती है। मगर महिलाओं के साथ ऐसी परेशानी खड़ी हो जाती है जिसका उनके पास कोई तोड़ नहीं होता है। मेंहदी लगे हाथों के कारण परीक्षा केन्द्र में नहीं घुसने देने की पाबंदी के चलते कई महिलाएं परीक्षा देने से वंचित हो जाती हैं। उनकी सब मेहनत बेकार। नौकरी के सपने तार-तार। बहने लगती है आंसुओं की धार। अभी हाल ही हुई कांस्टेबल की प्रतियोगी परीक्षाओं में ऐसा ही कई महिला अभ्यर्थियों के साथ हुआ है। इस ओर भी परीक्षा आयोजकों को ध्यान देना चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

## क्वॉड मीटिंग :चीन-रूस के फाइटर जेट्स ने जापान के पास उड़ान भरी : मोदी-बाइडेन टोक्यो में मौजूद

**टोक्यो @ जागरूक जनता।** जापान की राजधानी टोक्यो में क्वॉड देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मीटिंग चल रही है। इसी दौरान चीन और रूस ने एक बेहद गंभीर हरकत की है। चीन और रूस के फाइटर जेट्स ने जापान की सीमा के करीब वॉर ड्रिल के तहत उड़ान भरी। खुद जापान सरकार ने इसकी पुष्टि की है। दोनों देशों की इस हरकत पर अब तक क्वॉड के बाकी तीन देशों का रिएक्शन नहीं आया है।क्वॉड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। चीन का आरोप है कि क्वॉड मेंबर्स उसके समुद्री रास्ते बंद करने की साजिश रच रहे हैं और वो उस पर ताकत के जरिए दबाव बनाना चाहते हैं। क्वॉड मेंबर्स ने चीन के आरोपों को कई बार खारिज किया है। मंगलवार दोपहर जापान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने एक बयान में कहा- चीन और रूस के फाइटर जेट्स ने हमारी सीमा के करीब उड़ान भरी है। हमने इन देशों को साफ तौर पर बता दिया है कि यह बेहद गंभीर हरकत है। भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष इस वक्त हमारे देश में मौजूद हैं।

## दो साल बाद हज पर जाएंगे मोमिन, पहला भारतीय जत्था 4 जून को होगा रवाना

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कोविड महामारी के चलते करीब दो साल बाद भारत से मोमिन हज के लिए सऊदी अरब जाएंगे। अभी भी कोविड प्रोटोकॉल के चलते हज के लिए भारत का कोटा करीब 79 हजार पर सीमित किया गया है। वहीं भारत सरकार की ओर से हज के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने हज 2022 प्रतिनियुक्तियों के लिए दो दिवसीय अनुकूलन-सह-प्रशिक्षण कार्यर म का उद्घाटन किया। हज के लिए 4 जून से उड़ान शुरू होंगी।

### जम्मू कश्मीर पर केंद्र का बड़ा फैसला : शेख अब्दुल्ला की तस्वीर मैडल से हटाई

# पुलिस मेडल पर अशोक स्तंभ का सिंबल लगाया जाएगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**श्रीनगर।** केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर पुलिस मेडल को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने मेडल से शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाने का आदेश जारी किया है। शेख अब्दुल्ला नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री थे। मेडलों पर अशोक स्तंभ के सिंबल लगाने के संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग के प्रधान सचिव आरके गोयल के आदेश में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक योजना के पैरा 4 में संशोधन किया गया है। मेडल के एक तरफ उभरा हुआ शेर-ए-कश्मीर शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतीक से बदल दिया जाएगा।

### मेडल का नाम भी बदला चुका है

इससे पहले भी सरकार ने 'शेर ए कश्मीर पुलिस पदक' का नाम बदलकर जम्मू कश्मीर पुलिस पदक कर दिया था। 'शेर ए कश्मीर' शेख अब्दुल्ला को कहा जाता है। शेख अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के पिता थे। फारूक अब्दुल्ला जब जम्मू कश्मीर के सीएम बने थे, तब उन्होंने अपने पिता की याद में पुलिसकर्मियों को दिए जाने वाले मेडल पर उनकी फोटो लगा दी थी।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस ने किया विरोध

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने केंद्र के इस फैसले पर विरोध जताया है। पार्टी प्रवक्ता इमरान नबी डार ने इसे 'इतिहास मिटाने वाला' फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करते हैं, लेकिन ये फैसला नफरत को दिखाता है। पार्टी के प्रांतीय सचिव शेख बशीर ने कहा कि यह फैसला नेशनल कॉन्फ्रेंस व शेख अब्दुल्ला को बदनाम करने के लिए लिया है।

### भाजपा ने फैसले का किया समर्थन

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता ने इस फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि गुलामी के ऐसे सभी प्रतीकों को खत्म कर दिया जाना चाहिए। शेख अब्दुल्ला ने जिस अलगाववादी मानसिकता का प्रचार किया, उसे समाप्त कर दिया गया है।

### 1948 में कश्मीर के प्रधानमंत्री बने

शेख अब्दुल्ला साल 1948 से 1953 तक जम्मू कश्मीर के प्रधानमंत्री थे। साल 1975-1982 तक जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री भी रहे। शेख अब्दुल्ला ने जिन्ना के दो राष्ट्र सिद्धांत को खारिज कर दिया था और राज्य को भारत में विलय करने के लिए अपना समर्थन दिया था।

### क्वाड देश आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के पक्ष में, 26/11 की निंदा

# 26/11 और पठानकोट हमलों सहित आतंकवादी हमलों की निंदा करते हैं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**टोक्यो/नयी दिल्ली।** क्वाड देशों के नेताओं ने मंगलवार को जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित शिखर सम्मेलन के दौरान मुंबई पर 26/11 के आतंकवादी हमले सहित आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा की तथा कहा कि वे 'सभी आतंकी संगठनों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई' करेंगे।

सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त बयान में स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की गई और कहा गया कि किसी भी आधार पर आतंकवादी कृत्यों का कोई औचित्य नहीं हो सकता है। उन्होंने बयान में कहा गया, हम भारत में 26/11 के मुंबई व पठानकोट हमला



सहित आतंकवादी हमलों की िंनिंदा करते हैं। बयान में कहा गया, हम पुष्टि करते हैं कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है, हम सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करेंगे, जिसमें वे व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं जिन्हें यूएनएससी (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद) प्रस्ताव 1267 (1999) के अनुसार नामित किया गया है। संयुक्त बयान के अनुसार, क्वाड देशों ने आतंकवादियों के छद्म हमलों को रोकने और आतंकवादी समूहों को किसी भी सैन्य, वित्तीय या सैन्य सहायता और रसद पहुचांने से इनकार करने पर जोर दिया, जिसका उपयोग वे सीमा पार हमलों सहित आतंकवादी हमलों को शुरू करने या योजना बनाने के लिए किया जा सकता है। क्वाड देशों ने यूएनएससी के प्रस्ताव 2593 (2021) की भी पुष्टि की, जो मांग करता है कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल फिर कभी किसी देश को धमकाने या हमला करने या आतंकवादियों को शरण देने या प्रशिक्षित करने या आतंकवादी हमलों की योजना या वित्त पोषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

### ज्ञानवापी पर एक और याचिका

## मस्जिद में मुस्लिमों की एंट्री पर बैन लगाने और उसे हिंदुओं के हवाले करने की मांग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**वाराणसी।** वाराणसी के मां शृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण के बीच मंगलवार को एक और याचिका दाखिल की गई। सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से यह याचिका दाखिल की गई है। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने स्वीकार करते हुए सुनवाई की अनुमति दे दी है। मामले में 25 मई को सुनवाई होगी। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री किरण सिंह ने दाखिल किया है। इधर, जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट पर दोनों पक्षों को एक हफ्ते में आपत्ति दाखिल करने को कहा है। दोनों पक्षों को फोटो और वीडियोग्राफी की कॉपी भी कोर्ट की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दी जाएगी।

### कुतुब मीनार पर फैसला सुरक्षित : जज बोले...

## 800 सालों के बिना पूजा के देवता रहे तो आगे भी रहने दें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कुतुब मीनार में पूजा के अधिकार की याचिका पर दिल्ली के साकेत कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस निखिल चोपड़ा की बेंच ने हिंदू पक्ष की पूजा के अधिकार वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में फैसला 9 जून को आएगा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को एक हफ्ते के अंदर ब्रीफ रिपोर्ट जमा करने कहा है। सुनवाई में कोर्ट ने जैन से पूछा कि क्या अपीलकर्ता को किसी कानूनी अधिकार से वंचित किया गया है? अगर वहां देवता पिछले 800 साल से बिना पूजा के मौजूद हैं तो उन्हें ऐसे ही रहने दीजिए।



### ASI की दलील कुतुब मीनार पूजा स्थल नहीं

हालांकि सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने लगातार कुतुब मीनार में पूजा के अधिकार वाली याचिका का विरोध किया। साकेत कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में भी कहा था कि कुतुब मीनार पूजा का स्थान नहीं है और इसकी मौजूदा स्थिति को बदला नहीं जा सकता। दरअसल, हिंदू पक्ष की दलील थी कि 27 मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है, जिसके अवशेष वहां मौजूद हैं। इसलिए वहां मंदिरों को दोबारा बनाए जाए। वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है किASI ने कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद में नमाज बंद करवा दी है।

### कुतुब मीनार केस सुनवाई की बातें

हिंदू पक्ष की ओर से हरिशंकर जैन ने कहा कि परिसर में पूजा की अनुमति मिले और मूर्तियों के संरक्षण के लिए ट्रस्ट बनाई जाए। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 के तहत उन्हें पूजा के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा- अयोध्या फैसले में, यह माना गया है कि एक देवता जीवित रहता है, वह कभी नहीं खोता है। अगर ऐसा है, तो मेरा पूजा का अधिकार बच जाता है।

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...

Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil

Natural Immunity Booster | FORTIFIED | 100% VEG. | COLD PRESSED | KOSHER | India's Most Trusted Brand | Approved by : WHO GMP | one of the OLDEST OIL known to HUMAN

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।



- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्वारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।



Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमुखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-



# For Arward Details : Contact 98290-50738

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886

सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

JAGRUK CITY
जागरूक जनता जागरूक सिटी
www.jagrukjanta.net

जयपुर, बुधवार
25 मई - 31 मई 2022
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

## जागरूक खबरें

### बेजुबान पंछियों के लिए बांधे परिंडे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौड़ विप्र समाज मुरलीपुरा के तत्वाधान में बेजुबान पंछी- प्राणियों के सेवार्थ मुरलीपुरा सर्किल एवं आसपास पार्को में 111 परिंडे लगाए गए। पशुओं के लिए पानी की 11 टंकिया रखवा कर अभियान का शुभारम्भ किया। लोगों को परिंडे व टँकियों में प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प करवाया गया। पवन शर्मा, गोपाल शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, हरिशंकर शर्मा, डा. मुकुल शर्मा, लोकचंद हरिरामानी, बजरंग शर्मा, मोहन नामदेव, सतपाल चौधरी, भवानी सिंह राठौड़, कैलाश शर्मा, कौशल पारीक, सुरेन्द्र त्रिवेदी, शशि शर्मा, अभिशेख शर्मा एवं ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

### एक शाम नारी शक्ति के नाम अंताक्षरी आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा विवेकानंद स्कूल में नंद गोपाल फिल्म स्टूडियो द्वारा एक शाम नारी शक्ति के नाम अंताक्षरी एवं डांस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। शो के आयोजक संतोष गुप्ता और पलक गुप्ता ने बताया कि ऑडिशंस के माध्यम से चुनकर आई हुई 50 से अधिक महिलाओं ने डांस एवं अंताक्षरी की प्रस्तुति दी। शो के मैनेजमेंट करता विजय गुप्ता और बंटी मित्तल रहे और शो की सलाहकार अनुराधा और गीतांजलि रहे। समाज के माननीय गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सीताराम अग्रवाल, डॉ एस पी यादव, नवल शर्मा, मिस राजस्थान मानसी राठौर, मिस इंडिया इंटरनेशनल सुरभि सोनी, विक्रम सिंह राठौड़ जैसी हस्तियो ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागी हुए सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अंताक्षरी के कार्यक्रम में टीम बी विनर हुई। एकता गोड, पार्थवी कटिहार डांस शौ की विनर रही। जिन्हें शो के जज दिनेश राव, नम्रता शील वार्ष्णेय ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया सभी विनर प्रतिभागियों को नंद गोपाल फिल्म स्टूडियो की तरफ से आने वाले शॉर्ट फिल्म एवं वीडियो सॉन्ग में काम दिया जाएगा।

### भगवा रक्षा दल में विभिन्न पदों पर मनोनयन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया है। जिसके अनुसार पीयूष परिहार टिकरापारा रायपुर को युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, अशोक सिंह भटगांव कोल्ली को प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, राजेश जैन इंदौर को प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, पुष्पेंद्र मिश्रा ग्वालियर को अध्यक्ष ग्वालियर चंबल संभाग मध्य प्रदेश एवं विपिन त्यागी खंड साल कस्बा धनोरा को जिला अध्यक्ष अमरोहा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा रींगस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उपरोक्त पदाधिकारी दल को आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी और निष्ठा से अगली सूचना तक अपने पद पर कार्य करते रहेंगे।

**राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड-पीसीपीएनडी की बैठक आयोजित**

# बेटी की गर्भ में हत्या जघन्य अपराध है-चिकित्सा मंत्री

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन स्थित सभागार में राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड-पीसीपीएनडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बेटी की गर्भ में हत्या सामाजिक बुराई के साथ-साथ एक जघन्य अपराध है। हम सबको मिलकर इसे बंद करवाना है। उन्होंने कहा कि शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. पृथ्वी एवं मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग बेटियों की गर्भ में हत्या रोकने के लिए अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में सोनोग्राफी सेन्टरों के 2200 निरीक्षण किये गये थे उसकी तुलना में पिछले 4 माह में लगभग 2500 से सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना इस बात को प्रमाणित करता है कि चिकित्सा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं। पिछले एक महीने में किये गये डिकॉय ऑपरेशनों की टीमों को बधाई देते हुए उन्होंने ऐसे डिकॉय ऑपरेशन आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने मुखबिर योजना की जानकारी ग्रास रूट लेवल तक पहुंचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। राज्य के ऐसे सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों जिनमें सोनोग्राफी सेन्टर है वहां सोनोलॉजिस्ट उपलब्ध करवाने के मुद्दे पर भी बैठक में सार्थक चर्चा हुई। इसके साथ ही सोनोलॉजिस्टों का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए उनकी सेवाओं में वृद्धि हेतु भारत सरकार को पत्र लिखे जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया।

शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने कहा कि निरीक्षण से सोनोग्राफी सेन्टरों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और संचालकों में यह भय भी रहता है कि यदि









# बड़ा फैसला: प्रदेश की अधिकांश भर्तियों में साक्षात्कार होगा बंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य सरकार ने भर्तियों में पारदर्शिता और साक्षात्कार को लेकर शंकाओं को दूर करने के लिए नियमों में बड़ा संशोधन किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 44 सेवा नियमों में संशोधन करते हुए साक्षात्कार को पूर्णतः समाप्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इन सेवा नियमों के तहत आने वाले पदों के लिए आयोग, बोर्ड, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाने वाली भर्तियों में अब साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

### निकालना पड़ सकता है संशोधन

पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड़ के अनुसार आयोग को वरिष्ठ अध्यापक, प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत, केमिस्ट, कृषि अधिकारी, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट सहित कई भर्ती मिली हैं। इनमे शिक्षा विभाग की भर्तियों को छोड़कर कई में साक्षात्कार भी प्रस्तावित हैं। कार्मिक विभाग की अधिसूचना के बाद आयोग को इनमे संशोधन करना पड़ सकता है। हालांकि आयोग को आरएएस, कॉलेज शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और सब इंस्पेक्टर जैसी बड़ी भर्ती में साक्षात्कार कराने होंगे। क्योंकि यह भर्तियां सीधे तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़ी हैं। इनमे चयनित होंने वालों के व्यक्तित्व और संवाद कौशल की परख जरूरी होती है।

### यह होगा भारांक

साक्षात्कार का भारांक (वेटेज), कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत ही होगा, आरएएस, अधीनस्थ सेवाओं व 4 अन्य सेवाओं में ही साक्षात्कार जारी रखने का निर्णय किया गया है जिनमें संवाद कौशल की आवश्यकता होती है। इन सेवाओं के लिए होने वाली भर्तियों में साक्षात्कार होगा।

### डॉ.यादव- डॉ. कुमावत की कमेटी का था प्रस्ताव

आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र यादव, डॉ. एम. एल. कुमावत की कमेटी ने 30 से ज्यादा परीक्षा में साक्षात्कार खत्म करने की अनुशंसा भेजी थी। इसके पीछे भर्तियों में बेवजह की देरी और साक्षात्कार के बजाय सीधे संवीक्षा परीक्षा के जरिए चयन पर जोर दिया गया था। इसके बाद हाल ही 10 मई को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल बैठक में भर्तियों से साक्षात्कार का प्रावधान हटाने का अहम निर्णय किया गया था। इससे राजस्थान लोक सेवा आयोग की भर्तियों में तेजी आएगी।



### इनमें होगा साक्षात्कार

प्रस्ताव के अनुसार, राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती) नियम 1999 में साक्षात्कार के प्रावधान वाले पदों एवं कुछ विशिष्ट सेवा नियमों में साक्षात्कार जारी रखा जाएगा।

### 2018 आरएएस भर्ती के बाद उठी थी मांग

आरएएस 2018 मुख्य परीक्षा के बाद साक्षात्कार में विवाद हुए थे। इसके अलावा आरपीएससी के पूर्व कनिष्ठ लेखाधिकारी को एसीबी ने रिश्वत लेते ट्रैप

---

**राहुल गांधी ने की गहलोत की योजना की तारीफ: कहा...**

## बेरोजगारी दूर करने राजस्थान सरकार लाई है इंदिरा-गांधी शहरी रोजगार योजना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए राजस्थान की इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना की तारीफ की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके गहलोत सरकार की इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना को बडा कदम बताया है। इससे पहले राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर केंद्र को निशाने पर लिया। राहुल ने फेसबुक पर लिखा- देश में बेरोज़गारी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गांव के साथ-साथ शहरों में भी बेरोज़गारी से तबाही मच चुकी है। 45 करोड़ से ज़्यादा लोग नौकरी पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। राहुल गांधी ने आगे गहलोत सरकार की योजना की तारीफ करते हुए लिखा- 2005 में कांग्रेस पार्टी मनरेगा लाई थी, जिसमें मिनिमम 100 दिनों का गारंटी काम देकर गांव में बेरोज़गारी की समस्या पर काबू पाया गया। जिस तरह गांव में गरीबों को रोज़गार देने के लिए कांग्रेस पार्टी मनरेगा लाई थी, उसी तरह शहरों में बढ़ रही बेरोज़गारी दूर करने के लिए राजस्थान कांग्रेस सरकार इंदिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना लाई है। इस योजना के अंतर्गत शहरों के ज़रूरतमंद परिवारों को 100 दिन

---

**ज्यादातर भर्तियों में इंटरव्यू खत्म**

## अब RAS, सबॉर्डिनेट सर्विसेज और कम्युनिकेशन स्किल वाली 4 सर्विस में ही होगा साक्षात्कार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में ट्रांसपरेंसी के लिए बड़ा फैसला लिया है। जिसके तहत ज्यादातर भर्तियों में इंटरव्यू सिस्टम को ही खत्म कर दिया गया है। अब प्रदेश में केवल RAS, सबॉर्डिनेट सर्विसेज और कम्युनिकेशन स्किल वाली 4 सर्विस में साक्षात्कार लिया जाएगा। बाकी सभी सर्विसेज में इंटरव्यू नहीं होगा। इसके साथ ही इंटरव्यू का वेटेज कुल मार्क्स का अधिकतम 10 फीसदी कर दिया गया है। दरअसल, 10 मई, 2022 को मुख्यमंत्री गहलोत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर हुई राज्य मंत्रिमंडल बैठक में भर्तियों से इंटरव्यू प्रोविजन हटाने का अहम निर्णय लिया गया था। जिसका अब इम्प्लीमेंट करने पर एक्शन शुरु हो गया है।

### 44 सेवा नियमों में संशोधन, इंटरव्यू वेटेज 10%

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 44 सेवा नियमों में संशोधन करते हुए इंटरव्यू को उनमें पूरी तरह खत्म करने के प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इन सर्विस रूल्स में आने वाली पोस्ट्स में आयोग, बोर्ड और अपॉइंटमेंट अथॉरिटी की ओर से की जाने वाली भर्तियों में अब अभ्यर्थियों का इंटरव्यू नहीं लिया जाएगा। इंटरव्यू को लेकर कैंडिडेट्स की शंकाओं को दूर करने के लिए नियमों में बड़ा संशोधन किया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती) नियम 1999 में इंटरव्यू प्रोविजन वाली पोस्ट्स और कुछ स्पेशल सर्विस रूल्स में इंटरव्यू जारी रखा जाएगा। साथ ही इनमें भी इंटरव्यू वेटेज कुल मार्क्स का अधिकतम 10 फीसदी ही होगा।

### बेरोजगार आम युवाओं को होगा फायदा

राजस्थान सरकार के इस फैसले से उन आम बेरोजगार युवाओं को फायदा होगा। जिनके भर्ती परीक्षा में अच्छे मार्क्स आने के बावजूद इंटरव्यू में वो पिछड़ जाते हैं। ज्यादातर युवाओं के मन में यह शंका रहती है कि इंटरव्यू में धांधली, सिफारिश, रसूख या घूस के दम पर अच्छे नम्बर लाकर सलेक्शन हो सकता है। इसी चिन्ता और शंका के कारण बहुत से बेरोजगार युवा निराश और हताश हो जाते हैं। कई बार इंटरव्यू में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी मिलती हैं। अब ईमानदारी से परीक्षा देकर पास होने वाले को सर्विस मिल सकेगी। इंटरव्यू के आधार पर भेदभाव नहीं होगा।

---

**सैमसंग, वीवो जैसे ब्रांड की डायरेक्ट एंट्री नहीं, शुरू हुआ प्रोसेस**

## सवा करोड़ महिलाओं को एयरटेल, Jio या वोडाफोन देगी स्मार्टफोन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में 1.33 करोड़ महिलाओं को मुफ्त इंटरनेट के साथ स्मार्टफोन देने की योजना के लिए खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 1.33 करोड़ स्मार्टफोन खरीदने के लिए सरकार की तरफ से जारी 7500 करोड़ के टेंडर के लिए सोमवार को प्री- बिड बैठक की गई। तीन साल तक फ्री डेटा के साथ 1.33 करोड़ स्मार्टफोन सप्लाई करने के लिए टेंडर में शामिल होने की इच्छुक मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों और सरकारी एजेंसी राजकॉम्प के अफसरों के बीच चर्चा हुई। प्री बिड बैठक से स्मार्टफोन सप्लाई करने के टेंडर में शामिल होने वाली मोबाइल कंपनियों पर तस्वीर साफ हो गई है। स्मार्टफोन सप्लाई के लिए टेंडर की 1 जुलाई को टेक्निकल बिड खुलेगी। इसमें जो कंपनी तकनीक रूप से योग्य पाई जाएगी, उसका नाम तय हो जाएगा। इस टेंडर के लिए तीन मोबाइल कंपनियों के बीच ही कंपटीशन होने की संभावना है। इनमें जीओ, एयरटेल, वोडाफोन शामिल हैं।

### हैंडसेट कंपनियां आउट

इस टेंडर में वही कंपनी शामिल हो सकेगी जो मोबाइल डेटा के साथ स्मार्टफोन सप्लाई कर सके। इसलिए मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियां ही बिड में शामिल हो सकेंगी। केवल हैंडसेट बनाने वाली कंपनियां टेंडर में शामिल नहीं हो सकेंगी। महिलाओं को तीन साल तक फ्री इंटरनेट के साथ फ्री स्मार्टफोन देने की योजना में शामिल कंपनियों के लिए तीन शर्त रखी हैं। टेंडर में शामिल कंपनी के पास राजस्थान सर्कल का मोबाइल सेवा देने का लाइसेंस होना चाहिए। कंपनी के पास मोबाइल टावर हो, ब्लॉक और जिला लेवल तक लोकल सपोर्ट ऑफिस होना चाहिए। टेंडर की इन शर्तों के कारण पहले से राजस्थान में काम कर रही मोबाइल कंपनियों में से ही किसी को स्मार्टफोन सप्लाई का टेंडर मिलेगा।

### महिला मुखियाओं को मिलेगा स्मार्टफोन

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीन साल के फ्री डेटा के साथ फ्री स्मार्टफोन देने की घोषणा की थी। स्मार्टफोन घर की महिला मुखिया को मिलेगा। मुफ्त स्मार्टफोन के लिए जनाधार कार्ड होना जरूरी है। जिन महिला मुखियाओं को समर्टफोन देना है उनका पूरा रिकॉर्ड सरकार के पास पहले से हैं। स्मार्टफोन के साथ एक सिम दी जाएगी। स्मार्टफोन दो सिम स्लॉट वाला होगा।

---

## कॉन्स्टेबल भर्ती पेपर लीक में दिवाकर स्कूल की मान्यता रद्द

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ सरकार ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को शिक्षा विभाग ने कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में जयपुर के दिवाकर पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी है। 14 मई को दिवाकर पब्लिक स्कूल से ही कॉन्स्टेबल पेपर लीक हुआ था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने 14 मई को आयोजित होने वाले पेपर को रद्द कर दिया था।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सीताराम स्वामी पुत्र भंवर लाल स्वामी से बदलकर सीताराम शर्मा पुत्र भंवर लाल शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये।

**सीताराम शर्मा**
**368, जैम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, विद्याधर नगर, जयपुर - 302039 (राज.)**

### नाम सत्यापन सूचनार्थ

मैं रजनी सिंह पत्नी प्रदीप कुमार सिंह निवासी बी-391, ब्लॉक बी, विद्याधर नगर, जयपुर - 302039 (राजस्थान) मेरे नाम किसान विकास पत्र में शोभा देवी, शोभा सिंह अंकित कर दिया गया है। लेकिन ये सभी नाम मेरे ही है। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। मेरा वास्तविक नाम रजनी सिंह है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। भविष्य में इस संबंध में किसी को काई आपत्ति होती है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

**रजनी सिंह पत्नी प्रदीप कुमार सिंह**
**जयपुर**

---

**RTDC की बोर्ड बैठक में फैसला संभव, सितम्बर से शुरू होगी ट्रेन**

## पैलेस ऑन व्हील्स PPP मोड पर चलाने की तैयारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना के कारण 2 साल से बंद पड़ी पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन को राजस्थान पर्यटन निगम इसी साल सितम्बर-अक्टूबर से चलाने की तैयारी कर रहा है। आरटीडीसी ने इस बार इस ट्रेन के संचालन निजी सहभागिता से पीपीपी मोड पर करने का निर्णय किया है। कोरोनाकाल से पहले तक इस ट्रेन को रेलवे के साथ पार्टनरशिप करके चलाया जाता था, जिसमें रेलवे को 56% और आरटीडीसी को 44% रेवेन्यू शेयर मिलता था, लेकिन इस बार ट्रेन का किराया व अन्य खर्चे के तौर पर एक फिक्स रेलवे को दी जाएगी। इस शाही रेल को पीपीपी मोड पर चलाने पर चर्चा के लिए आज होने वाली आरटीडीसी की बोर्ड बैठक में एक प्रस्ताव भी रखा जाएगा। बताया जा रहा है कि रेलवे ने पिछले दिनों पार्टनरशिप के तहत इस ट्रेन का संचालन करने से मना कर दिया था। रेलवे ने नई पॉलिसी 'भारत गौरव ट्रेन' के तहत शाही रेल को चलाने की बात कही थी। लेकिन इस तरह से आरटीडीसी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए पीपीपी मोड पर चलाने पर विचार किया है। क्योंकि आरटीडीसी के पास खुद का पर्याप्त स्टाफ भी कम है। आपको बता दें कि आरटीडीसी इसी साल सितम्बर से इस ट्रेन का संचालन शुरू करने की तैयारी कर रहा है, ताकि विंटर सीजन में राजस्थान आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों इसमें घूम सके। आरटीडीसी चैयरमेन की









**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

## मिट्टी इतनी खराब कि सुधारने में लग जाएंगे तीस साल

मिट्टी का खराब होना एक वैश्विक घटना है। दुनिया की आधी ऊपरी मिट्टी नष्ट हो चुकी है। एक सामान्य कृषि-भूमि में न्यूनतम जैविक तत्व 3-6 प्रतिशत होने चाहिए, लेकिन दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में यह एक प्रतिशत से भी बहुत नीचे है। उत्तरी यूरोप में औसत जैविक तत्व 1.48 प्रतिशत है, दक्षिण यूरोप में 1.2 प्रतिशत, अमेरिका में 1.3 प्रतिशत, भारत में 0.68 प्रतिशत और अफ्रीका में 0.3 प्रतिशत है। इसका यह मतलब है कि धरती पर ज्यादतर कृषि-भूमि मरुस्थलीकरण की ओर बढ़ रही है। जब बात जैवविविधता और मिट्टी की आती है, तो राष्ट्रीय सीमाओं के कोई मायने नहीं होते हैं। इसे वैश्विक स्तर पर संभालना होगा। अगर इस धरती पर जीवन के प्रति हमारी कोई प्रतिबद्धता है, अगर इस धरती पर भावी पीढ़ियों के लिए हमारी कोई प्रतिबद्धता है, तो हर देश के लिए यह करना जरूरी है। पहली और सबसे महत्वपूर्ण चीज है, हर देश की नीतियों में मिट्टी और पर्यावरण के पुनरोद्धार को सम्मान देना। अभी 'जागरूक धरती-मिट्टी बचाओ अभियान' का लक्ष्य एक वैश्विक नीति लाना है कि कृषि-भूमि में कम से कम 3-6 प्रतिशत जैविक तत्व होने चाहिए। हर कोई जानता है कि ऐसा होने की जरूरत है, पर समस्या यह है कि लोगों ने आवाज नहीं उठाई है। फिलहाल, दुनिया में 5.26 अरब लोग लोकतांत्रिक देशों में रहते हैं, यानी उन्हें वोट देने और अपनी सरकार चुनने का अधिकार है। लोकतंत्र का अर्थ है, लोगों का शासन, पर अभी लोगों ने अपने जीवन के दीर्घकालीन हितों को अभिव्यक्त नहीं किया है। मिट्टी को पुनर्जीवित करना 15-20 साल की एक प्रक्रिया है, तो ज्यादातर नेताओं की इसमें रुचि नहीं है, क्योंकि उनका कार्यकाल सिर्फ 4-5 साल का होता है। अगर लोग ही सरकार से नहीं कहेंगे, तो सरकारें दीर्घकालिक निवेश कैसे करेंगी? इसी कारण मिट्टी बचाओ अभियान दुनिया भर में कम से कम 3.5 अरब लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है, ताकि सारे राजनीतिक दलों और सरकारों पर दीर्घकालिक मिट्टी पुनरोद्धार नीतियां बनाने के लिए जोर डाला जा सके। अभियान के एक हिस्से के रूप में मैं लंदन से दक्षिण भारत तक 30,000 किलोमीटर की 100 दिनी यात्रा पर मोटरसाइकिल से अकेले कर रहा हूं। रास्ते में अनेक राष्ट्राध्यक्षों, कृषि एवं पर्यावरण मंत्रियों, प्रभावशाली लोगों और प्रसिद्ध हस्तियों से मुलाकात करता चलूंगा। हमने एक आम नीति दस्तावेज भी तैयार किया है। हमने दुनिया में 730 राजनीतिक दलों से कहा है कि आप अपने घोषणापत्र में मिट्टी पुनरोद्धार विषय को शामिल करें। मिट्टी के लिए लोगों को आगे आना होगा। लोकतंत्र में लोगों की आवाज सबसे महत्वपूर्ण होती है। जरूरी नहीं कि हर कोई मिट्टी के संरक्षण में जुट जाए, हर किसी को केवल अपनी आवाज बुलंद करनी है। अपनी सरकारों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कीजिए। ट्विटर, फेसबुक, टेलीग्राम या आपके पास जो भी उपकरण हो। उस पर हर दिन 5-10 मिनट लगाइए और मिट्टी के बारे में कुछ कहिए। अगर हम 3.5 अरब लोगों को भी इन 100 दिनों के दौरान मिट्टी के बारे में बोलने के लिए प्रेरित कर सकें, तो धरती की कोई सरकार अनदेखी नहीं कर सकेगी। मिट्टी के लिए लोग जागने लगे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि हमने आसानी से 1.3 अरब लोगों से संपर्क कर लिया है। सात से ज्यादा देश इस अभियान के साथ जुड़ गए हैं और अनेक देशों के साथ बातचीत जारी है। समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं।

# सम्पादकीय

## भारतीय इस्लाम

भारत में इस्लाम का जो रूप है, उसकी तारीफ नई नहीं है। इसी कड़ी में अब संयुक्त अरब अमीरात में एक किताब प्रकाशित हुई है, जिसमें भारतीय इस्लाम या इस्लाम के भारतीयकरण की तारीफ की गई है। विश्व मुस्लिम समुदाय परिषद के तहत प्रकाशित इस पुस्तक में इस्लाम के किसी एक ही रूप को न मानते हुए उसके क्षेत्रीय रूपों को भी स्वीकार करने की बात कही गई है। चूंकि इस्लाम के अरबीकरण की कोशिश नई नहीं है, इसलिए भी भारतीय इस्लाम पर लिखी गई इस किताब धर्मशास्त्र, न्यायशास्त्र और समकालीन परंपराः इस्लाम का भारतीयकरण का विशेष स्वागत होना चाहिए। जो लोग या देश आदतन कह देते हैं कि भारत में इस्लाम खतरे में है, उन्हें इस किताब पर जरूर गौर करना चाहिए। इस किताब का प्रकाशन यूएई के उभरते बहुसांस्कृतिक स्वरूप को भी सामने रखता है। यूएई एक उदार समावेशी मुस्लिम बहुल देश के रूप में खुद को खड़ा कर रहा है। भारतीय इस्लाम की तारीफ या स्वीकारोक्ति में ऐसी किताब का आना यूएई और भारत के रिश्तों को और मजबूत बनाने का काम करेगा।

यूएई की इस मुस्लिम परिषद के विद्वान शोधकर्ता डॉक्टर अब्बास पनक्कल ने उचित ही कहा है कि मात्र अरब संस्कृति को इस्लाम के रूप में बढ़ावा देने और इस्लाम के सिर्फ एक स्वरूप को मानने में कई तरह की समस्याएं हैं। अलग-अलग क्षेत्रों व देशों में सक्रिय मुस्लिम विद्वानों की मेहनत से प्रकाशित इस पुस्तक की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। पुस्तक में विद्वानों ने लिखा है कि कैसे इस्लाम हिन्दुस्तानी जमीन पर पहुंचा और वहीं की संस्कृति व कला के साथ घुल-मिल गया। मस्जिदों की वास्तुकला में भी हिन्दुस्तान का असर हुआ। ऐसा अक्सर कह दिया जाता है कि यवन हमलावरों के साथ ही इस्लाम भारत आया था, पर वास्तव में इस्लाम तो उन व्यापारियों के साथ भी आया था, जो न धर्म के आधिकारिक प्रतिनिधि थे और न सरकारी अधिकारी थे। ऐसे में, सहजता के साथ, विशेष रूप से केरल में इस्लाम फैला। सदियों से केरल में इस्लाम का अलग ही रूप है। हां, इधर वहां भी मजहब के अरबीकरण की कोशिश दिखने लगी है, अतः इस किताब की जरूरत और बढ़ गई है। यह पुस्तक एक तरह से यह संदेश देना चाहती है कि अरब का इस्लाम अपनी जगह है और केरल का अपनी जगह। जब हम दुनिया में इस्लाम के विविध रूपों को देखते हैं, तो आश्चर्य नहीं होता। एक खलीफा वाला कट्टर इस्लाम भी था और एक अतातुर्क वाला आधुनिक इस्लाम भी रहा, और एक भारतीय इस्लाम भी है, जिसके स्वरूप की ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। यह किताब स्वीकार करती है कि ऐसे मुस्लिम शासक भी हुए हैं, जिन्होंने मंदिरों को अनुदान देकर, गोहत्या पर प्रतिबंध लगाकर और हिंदुओं को अहम पदों पर बिठाकर सांस्कृतिक मेल-जोल को बढ़ावा दिया। मुसलमानों ने भी ईसाइयों और यहूदियों की तरह हिंदुओं को अपनापन दिया। कुछ मुस्लिम शासकों ने अपनी मुद्राओं पर देवी लक्ष्मी और नंदी की आकृतियों को भी मंजूर किया। यूएई के अबू धाबी स्थित मुस्लिम परिषद का मानना है कि भारतीय इस्लाम मॉडल दुनिया भर में कई मुस्लिम समुदायों के लिए एक बेहतरीन मिसाल के रूप में कारगर हो सकता है। ऐसी किताब पूरे भारतीय समाज के लिए उपयोगी हो सकती है।

**ऐसा लगता है कि देश में निवेशकों की मानो बाढ़ ही आ गई है। आसानी से उपलब्ध ट्रेडिंग ऐप के दम पर बड़ी संख्या में लोग शेयर बाजार में इनवेस्ट कर रहे हैं। लेकिन ऐसे अनुभवहीन निवेशकों के कारण शेयर मार्केट में अस्थिरता का माहौल बन गया है।**

# क्यों हांफने लगा है देश का शेयर बाजार



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**शेयर बाजार की कमजोरी के पीछे स्टॉक ट्रेडिंग को गेम की तरह बना देना प्रमुख कारण है। आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्ट फोन आ गया है। मोबाइल फोन के जरिए ट्रेडिंग करने वाले 95 फ़ीसदी लोग अब सटोरिए की तरह व्यवहार करने लगे हैं।**

भारत की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शेयर बाजार में धीमी शुरुआत हुई है। देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने वाली इस कंपनी के शेयरों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। जाहिर है कि इससे एलआईसी में पैसा लगाने वाले लाखों निवेशकों के करोड़ों रुपए डूब गए। पिछले कई महीनों से एलआईसी के आईपीओ की चर्चा थी। भारत के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ था, जिसके जरिए सरकार ने जीवन बीमा निगम की 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर लगभग डेढ़ खरब रुपए जुटाए हैं। एलआईसी के आईपीओ की कीमत 949 रुपए प्रति शेयर रखी गई थी, लेकिन पहले दिन बाजार बंद होने के वक्त इसकी कीमत गिरकर 875 रुपए पर पहुंच गई। एलआईसी के आईपीओ की चर्चा इसलिए भी ज्यादा थी, क्योंकि इसमें छोटे निवेशकों की खासी दिलचस्पी देखी गई थी। ऐसे लोगों की बड़ी तादाद थी जिन्होंने एलआईसी का शेयर खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट खुलवाए और पहली बार शेयर बाजार में प्रवेश किया। आईपीओ के लिए कुल शेयरों से तीन गुना अर्जियां आई थीं और अब वे निवेशक राहत की सांस ले रहे हैं, जिन्हें एलआईसी के शेयर आवंटित नहीं हुए थे।



पर अहम सवाल यह है कि आखिर देश का शेयर बाजार लगातार हांफने क्यों लगा है। यह सवाल तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जब हमें पता चलता है कि साल 2022 में अब तक सेंसेक्स 7000 अंक गिर चुका है। यह स्थिति तो तब है जबकि कोरोना महामारी के दौरान देश में शेयर निवेशकों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई, हालांकि इस दौरान शेयर दलालों की संख्या बड़ी तेजी से कम हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के करीब दो सौ शेयर दलालों ने या तो अपनी सदस्यता छोड़ दी या उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। इसकी एक बड़ी वजह यह बताई गई है कि अब ज्यादातर निवेशक अपने स्मार्टफोन के माध्यम से निवेश करने लगे हैं। ये ऐसे निवेशक हैं, जो शेयर बाजार के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए किसी शेयर ब्रोकर की सेवाएं नहीं लेते हैं। इस पीढ़ी के निवेशकों के लिए शेयर बाजार में ट्रेड करना अब मोबाइल पर तीन पत्ती या पोकर जैसे गेम खेलने की तरह हो गया है। दरअसल शेयर बाजार की कमजोरी के पीछे स्टॉक ट्रेडिंग को गेम की तरह बना देना प्रमुख कारण है। आजकल हर किसी के हाथ में जुआ खेलने वाला एक डिवाइस या स्मार्ट फोन आ गया है। हाथ में मोबाइल फोन के जरिए ट्रेडिंग करने वाले 95 फ़ीसदी लोग अब सटोरिए की तरह व्यवहार करने लगे हैं। सिर्फ भारत में नहीं, ऐसा दुनियाभर में देखा जा रहा है। पिछले 2 सालों में बहुत से नए ग्राहकों ने शेयर बाजार ज्वाइन किया है। लेकिन इनके लिए शेयर ट्रेडिंग एप अब कैसीनो की तरह हो गए हैं। कॉलेज जाने वाले बच्चे और हाउसवाइफ भी अब टेक्नीकल बातें करने लगे हैं। वह ट्रेडिंग कोर्स कर टेक्नीकल चार्ट देखने लगते हैं और टेक्नीकल चार्ट के हिसाब से शेयरों के मोमेंटम का अंदाजा लगाने लगते हैं। शेयरों के फंडामेंटल्स के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। यह वास्तव में एक ड्रग की तरह हो गया है।

ऐसा लगता है कि देश में निवेशकों की एक नई पीढ़ी तैयार हो चुकी है। इस पीढ़ी में ज्यादातर युवा हैं। वे शेयर बाजार के बारे में यूट्यूब से सीखते हैं। और उनके पास ऐसी ऐप हैं, जिनके जरिए दुनियाभर के शेयर बाजार तक उनकी पहुंच है। अनेक नौजवान ऐसे हैं, जो अपनी पढ़ाई पर फोकस करने की बजाय शेयर मार्केट में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं। ये लोग इस तरह व्यवहार करने लगे हैं, जैसे शेयर बाजार में बहुत सा छुपा पैसा रखा हुआ है और आप उसे उठाकर अपने घर ले जा सकते हैं। कॉलेज जाने वाले युवा भी लगातार क्रिप्टोकरंसी या शेयर बाजार में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। ये छात्र जीरोधा और अपस्टॉक्स जैसे ट्रेडिंग ऐप प्रयोग करते हैं, फाइनेंस के बारे में सलाह के लिए यूट्यूब के वीडियो देखते हैं। वे सोचते हैं कि इस तरह वे एक बढ़िया पोर्टफोलियो तैयार करेंगे और जल्द ही अमीर बन जाएंगे।

अमेरिका में ही इस साल की पहली छमाही में एक करोड़ से ज्यादा नए निवेशक बाजार में आए हैं। कुछ लोग तो सोशल मीडिया पर क्रिप्टो और ट्रेडिंग के बारे में बातें पढ़ पढ़कर ही प्रेरित हुए हैं। अमेरिका में ही नहीं, दुनियाभर में आए ये नए निवेशक बड़ी संख्या में युवा हैं। अमेरिका में स्टॉक मार्केट से संबंधित सबसे लोकप्रिय ऐप रॉबिनहुड के अमेरिकी ग्राहकों की औसत उम्र 31 है। भारत के अपस्टॉक्स में 80 प्रतिशत ग्राहक 35 साल से कम उम्र हैं। यही स्थिति नाइजीरिया की बैम्बू ऐप की है जिसके 83 फीसदी ग्राहक 35 से कम आयु के हैं। ये ऐसे ऐप हैं, जिन्होंने कम पैसा लगाने की सुविधा देकर युवाओं के लिए रास्ते खोल दिए हैं। वहां फ्रैक्शनल ट्रेड जैसे ऑफर हैं। मसलन अमेजॉन का एक शेयर मान लीजिए अभी 3,500 डॉलर का है जो युवा लोग खरीद नहीं सकते। लेकिन वे इस शेयर का छोटा सा हिस्सा खरीद सकते हैं, वो भी जीरो कमीशन देकर। लेकिन रातों-रात लखपति बनने की इस आपाधापी में नए और अनुभवहीन निवेशकों को नुकसान होने की आशंका भी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिका में तो शेयर बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज कमीशन इस बात की जांच भी कर रहा है कि कहीं ये ऐप ईमेल और नोटीफिकेशन भेज-भेज कर लोगों को गैरजिम्मेदाराना तरीके से जरूरत से ज्यादा ट्रेडिंग के लिए तो नहीं उकसा रहे। आम तौर पर शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले यह सोचते हैं कि वो कम समय में तगड़ा मुनाफा कमा लेंगे। कई बार ऐसा होता है कि कुछ घंटे में शेयर से मोटा मुनाफा हो जाता है। इससे उलट भारी नुकसान भी उठाना पड़ जाता है। बहरहाल, यह जान लें कि शेयर ट्रेडिंग उतनी आसान भी नहीं है, जितनी आम निवेशक समझते हैं। बाजार में आपको अनुशासन और धैर्य की जरूरत पड़ती है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## ओपिनियन

# दिल के रोगों से अकाल मृत्यु, बनना होगा गंभीर

**देश में 40 फीसदी हार्ट के मरीजों की उम्र 40 साल से कम है। अकाल मृत्यु के कारणों में दिल की बीमारी पहले स्थान पर है। पहले दिल की बीमारी को बुजुर्गों से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब युवा ज्यादा प्रभावित हैं।**



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भारत और अमेरिका के कई वैज्ञानिकों और डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने दक्षिण एशियाइयों में कार्डियोमायोपैथी (हृदय का रुकना) और मेटाबौलिक सिंड्रोम में वंशानुगत लिंक पाए हैं, जिसका मतलब है कि ये बीमारी आपको अपने माता या पिता से मिल सकती है। मेटाबौलिक सिंड्रोम के तहत हाई ब्लड शुगर, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी आती है। टीम कहती है कि अगर हम शुरुआत में ही इन बीमारियों की पहचान कर निवारक रणनीतियों पर काम करें तो इस बीमारी को रोका जा सकता है। महामारी विज्ञान और क्लिनिकल स्टडीज बताते हैं कि लगभग 10 फीसदी कार्डियोमायोपैथी रोगियों में डायबिटीज के लक्षण वंशानुगत हैं। वहीं बाकी लोगों में इन बीमारियों के होने का मुख्य कारण उनकी स्वस्थ जीवन-शैली की कमी है।

दक्षिण एशियाइयों का भोजन अपने उत्तम स्वाद के साथ-साथ ज्यादा तैलीय सामान वाले खानों के लिए जाना जाता है। ज्यादा तेल वाले सामाग्री खाने से लोगों में मोटापे की समस्या बढ़ती है और ये अन्य कई बीमारियों को जन्म दे सकता है, जिसमें मधुमेह, हृदय की समस्याएं, कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां बेहद आम हैं। दक्षिण एशिया में दिल का दौरा पड़ने की औसत उम्र भी अन्य राज्यों से बेहद कम है। यहां दिल का दौरा पड़ने की औसत उम्र 53 वर्ष है। यह बाकी दुनिया के मुकाबले छह साल कम है। दक्षिण एशिया में 15 से 69 साल के बीच होने वाली सभी मौत का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग ही है। इन देशों में बीमार लोगों में 55 फीसदी रोग हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों से ही पीड़ित हैं।

इधर, देशभर में दिल की बीमारियों की वजह से लगातार मौतें हो रही हैं। आधुनिक जीवन-शैली और व्यस्त दिनचर्या के कारण शहर के लोगों को गांव में रहने वाले लोगों की तुलना में तीन गुना ज्यादा दिल का दौरा पड़ता है। चिंता की बात यह है कि ज्यादातर मौतें उन लोगों की हो रही हैं, जिन्हें पहले से ही पता रहता है कि उन्हें दिल की बीमारी है। एक्सपर्ट का कहना है कि दिल की बीमारियों में कोरोनरी धमनी रोग, दिल का दौरा, एरिदमियास, दिल की विफलता, दिल के वॉल्व में खराबी, जन्मजात हृदय रोग और कार्डियोमायोपैथी आदि सबसे आम हैं। इसका मुख्य कारण तनाव, जीवन-शैली और व्यस्त कार्यक्रम हैं, जो शारीरिक गतिविधि के लिए बिल्कुल भी समय नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने ये भी बताया है कि हाल के दिनों में ऐसे लोग भी बढ़े हैं, जो स्वस्थ दिखते हैं, लेकिन जिनमें कार्डियल अरेस्ट, स्ट्रोक और उच्च रक्तचाप के लक्षण मौजूद रहते हैं।

एक अध्ययन के मुताबिक, दिल के दौरे के 45 फीसदी मामले साइलेंट हार्ट अटैक के हो सकते हैं। हालांकि शोध के लिए ये आंकड़े 1990 से इकट्ठे किए जा रहे हैं और तब से अब तक दिल के दौरों के निदान में काफी सुधार आया है, इसीलिए हो सकता है कि सच्चाई इतनी भयावह न हो। हालांकि अब भी बहुत से ऐसे लोग हैं, जिन्हें पता ही नहीं चल पाता कि उन्हें दिल का दौरा पड़ रहा है। कई बार मरीज को जबड़े, गर्दन, बांह, पेट या पीठ में दर्द होता है, सांस लेने में तकलीफ होती है, कमजोरी महसूस होती है, चक्कर आते हैं, पसीना आता है, उल्टियां आती हैं, लेकिन सीने में भयंकर दर्द नहीं होता और वे समझ नहीं पाते कि दरअसल उन्हें दिल की बीमारी है। आमतौर पर माना जाता है कि सीने में दर्द के बिना दिल का दौरा पड़ने के मामले महिलाओं में ज्यादा होते हैं, जिससे उन्हें देर से डॉक्टरी मदद मिल पाती है और उनके बचने की संभावनाएं कम हो जाती हैं। इस मान्यता की सच्चाई जांचने के लिए कनाडा के शोधकर्ताओं ने दिल के दौरे के लक्षणों को मापने के लिए एंजियोप्लास्टी कराने वाले 305 मरीजों का अध्ययन किया। एंजियोप्लास्टी में बंद रक्तवाहिनी में एक छोटा गुब्बारा डालकर उसे फुलाया जाता है, ताकि उसे फिर से खोला जा सके। इस प्रक्रिया के लक्षण दिल के दौरे के लक्षण से कुछ मिलते-जुलते हैं, इसीलिए शोध के दौरान जब रक्तवाहिनी के अंदर गुब्बारा फुलाया गया तो मरीजों से पूछा गया कि उन्हें क्या महसूस हो रहा है। सीने में बेचैनी, बांह में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, पसीना आने या मतली आने जैसे लक्षण पुरुषों और स्त्रियों में एक जैसे थे। महिलाओं ने सीने में दर्द के साथ-साथ गर्दन और जबड़े में दर्द की शिकायत पुरुषों के मुकाबले ज्यादा की। वहीं एक व्यापक समीक्षा में अमेरिका, जापान, स्वीडन, जर्मनी, ब्रिटेन और कनाडा के अध्ययनों को शामिल किया गया। इसमें 9 लाख से भी अधिक दिल के रोगियों की समीक्षा की गई। 26 सर्वोत्तम अध्ययनों के आंकड़े लिए गए, उन्हें आपस में मिलाया गया और फिर उनका दोबारा विश्लेषण किया गया। समीक्षा का निष्कर्ष था कि दिल का दौरा पड़ने पर महिलाओं में सीने के दर्द की शिकायत पुरुषों के मुकाबले कम होती है, लेकिन थकान, मतली, चक्कर, गर्दन, जबड़े या बांह में दर्द की शिकायत पुरुषों के मुकाबले ज्यादा होती है। यह भी पाया गया कि अधिकांश मामलों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही को सीने में दर्द की शिकायत होती है, लेकिन करीब 33 फीसदी महिलाओं और लगभग 25 फीसदी पुरुषों को दिल के दौरे के समय सीने में किसी दर्द या जलन या बेचैनी का अहसास नहीं हुआ। इस वजह से उन्हें यह समझने में भी मुश्किल हुई कि आखिर उनके साथ हो क्या रहा है। अमेरिका के एक रिसर्च जर्नल में छपे लेख के मुताबिक, 2015 तक भारत में 6.2 करोड़ लोगों को दिल से जुड़ी बीमारी हुई। इसमें से तकरीबन 2.3 करोड़ लोगों की उम्र 40 साल से कम है यानी 40 फीसदी हार्ट के मरीजों की उम्र 40 साल से कम है। भारत के लिए ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पूरी दुनिया में भारत में ये आंकड़े सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं। अकाल मृत्यु के कारणों में 2005 में दिल की बीमारी का स्थान तीसरा था, लेकिन 2016 में दिल की बीमारी अकाल मृत्यु का पहला कारण बन गया है। 10-15 साल पहले तक दिल की बीमारी को अक्सर बुजुर्गों से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन पिछले एक दशक में दिल से जुड़ी बीमारी के आंकड़े कुछ और कहानी कहते हैं। कोलेस्ट्रोल से नहीं, लेकिन ट्रांसफैट से हार्ट अटैक में दिक्कत ज्यादा आ सकती है। ट्रांसफैट शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रोल को कम करता है और बुरे कोलेस्ट्रोल को बढ़ाता है। वनस्पति और डालडा ट्रांसफैट के मुख्य स्रोत हैं, इसीलिए इनसे बचना चाहिए। युवाओं को दिल की बीमारी से बचाने के लिए सरकार को भी मदद करनी चाहिए। जंक फूड पर सरकार को ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। भरपूर कसरत करना भी विकल्प है।

***- ये लेखक के अपने विचार है।***

# सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

## सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**मंत्र विज्ञान**

**मंत्र जाप का रहस्य-** परमात्मा की उपासना का मंत्र एक उत्तम साधन है। मंत्र भगवान के निराकार रूप का प्रतीक है। भगवान के किसी भी रूप की उपासना हो, उनका स्तवन वन्दन तो मंत्र रूप शब्दों से ही होता है। मंत्र आकाश की तन्मात्रा 'शब्द' का एक रूप है। इसलिए मंत्र भी आकाश तत्व की उपासना है। आकाश सर्वव्याप्त एवं अनन्त है। भगवान को भी आकाश के सदृश्य कहा गया है। मंत्र, योग साधना, जप आदि अनेक उपासनाओं में मंत्र का उपयोग किया जाता है। किसी भी देवता के नाम के अक्षरों के पहले ओम् और पीठे नमः लगाने से वह मंत्र बन जाता है। जैसे गणेश जी के एक नाम गणपति के पहले ओम् और अन्त में नमः लगा दिया तो यह उनका मंत्र ओम् गं गणपतये नमः बन दआ? मंत्रों से देवता प्रसन्न होते हैं और सभी प्रकार की सिद्धियां मिल जाती हैं। मंत्र शब्द का शब्दार्थ महर्षियों ने इस प्रकार किया है- 'मकार' से मनन (विचार) और 'त्र' कार से त्राण (रक्षण) यानि जिन विचारों से हमारी रक्षा हो, जिन विचारों से हमारे कर्म सिद्ध हों, वह मंत्र है। मंत्र विद्या योग का उच्च कोटि का विषय है। मन से मंत्र के वर्णों के उच्चारण का घर्षण होने से एक दिव्य ज्योति प्रकट होती है। मंत्र के निर्दिष्ट सही तरीके से अहर्निश (लगातार) जप से एक बिजली (विद्युत) शक्ति के वातावरण का निर्माण होता है। मंत्र में भावना शक्ति की तरंगें, बिजली की धारा की तरह प्रवाहित होती हैं,

**क्रमशः**

**जागरूक Selfie विद डॉटर**



अद्धविका डॉटर स्वाति-सर्वेश शर्मा, मानसरोवर, जयपुर

# 5जी की ओर

भारत 5जी प्रौद्योगिकी की ओर कदम बढ़ा चुका है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में स्थापित एक परीक्षण नेटवर्क पर पहली 5जी कॉल की, तब भारत ने संचार के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी हासिल की। यह परीक्षण सफल रहा, यानी आने वाले समय में भारत में 5जी सेवाओं का विस्तार तेजी से होगा। सबसे अच्छी बात है कि इस तकनीक के विकास में हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का ही सर्वाधिक योगदान है। तकनीकी विकास में जितनी तेजी आएगी, भारत के विकास को उतना ही बल मिलेगा। वैसे भी यह ध्यान देने की बात है कि इस तकनीक में भारत दुनिया में विकसित देशों से पीछे चल रहा है। कुछ देशों में साल 2019 से ही 5जी की शुरुआत हो चुकी है। एक अनुमान है कि साल 2025 तक दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग 5जी का इस्तेमाल करने लगेंगे, लेकिन तब तक 6जी की उपलब्धता भी बढ़ जाएगी। दरअसल, कोरोना महामारी की वजह से 5जी तकनीक के मामले में देरी हुई है। पिछले साल ही यह घोषणा हुई थी कि 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी 2022 के अप्रैल से मई के आसपास होगी। लेकिन इस काम में कुछ देरी हुई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इस साल की शुरुआत में बजट पेश करते हुए स्पेक्ट्रम नीलामी की बात कही थी। आशा है कि बहुत जल्दी ही पांचवीं पीढ़ी की इन सेवाओं के लिए नीलामी का आयोजन होगा और कुछ ही महीनों में 5जी सेवा आम लोगों के हाथों में पहुंच जाएगी। भारत इस कोशिश में है कि इन सेवाओं के मामले में किसी भी देश पर हमारी निर्भरता न रहे और तकनीक हर स्तर पर स्वदेश आधारित हो। आज सूचनाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। तकनीक की सुदृढ़ता से ही भारत संचार को मजबूती मिलने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार विभाग अगले सप्ताह 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल में पेश करेगा और सेवाओं की शुरुआत अगस्त या सितंबर से शुरू हो जाएगी। लोग तो यही चाहेंगे कि जल्द से जल्दी यह सुविधा हासिल हो। अच्छी बात है कि अभी संचार कंपनियां अपने स्तर पर 5जी का परीक्षण कर रही हैं और वे अपने स्तर पर सेवा देने के लिए लगभग तैयार हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मोबाइल टेलीफोन सेवा ने लंबा और शानदार सफर तय किया है। 1970 के दशक के अंत में जापान में 1जी लॉन्च किया गया था। यह मोबाइल दूरसंचार तकनीक की पहली पीढ़ी थी, जो केवल वॉयस कॉल की सुविधा देती थी। साल 1991 में 2जी की शुरुआत के साथ तकनीक ने इतिहास रचने की शुरुआत की। दूसरी पीढ़ी में तकनीक पूरी तरह से डिजिटल हो गई। लोग फोन को लेकर घूमने लगे। फोन पर बातचीत करने के लिए एक जगह रहने की मजबूरी खत्म हो गई।

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 25/05/2022

**सूर्योदय** : 05:29 **सूर्यास्त** : 19:10 **चन्द्रोदय** : 00:00 **चन्द्रास्त** : 10:23 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : वैशाख **पूर्णिमांत** : ज्येष्ठ **सूर्य राशि** : वृषभ **चन्द्र राशि** : मकर **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : षष्ठी, 15:04 तक **वार** : शनिवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **चन्द्रमास** : ज्येष्ठ - पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : श्रावण, 23:42 तक
**योग** : शुक्ला, 08:04 तक
**प्रथम करण** : वणिजा, 15:04 तक
**द्वितिय करण** : विष्टि, 25:58 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| **ब्रह्म मुहूर्त** | : 04:04 ए एम से |
| **प्रातः सन्ध्या** | : 04:24 ए एम से |
| **अभिजित मुहूर्त** | : कोई नहीं |
| **विजय मुहूर्त** | : 02:36 पी एम से |
| **गोधूलि मुहूर्त** | : 06:57 पी एम से |
| **सायाह्न सन्ध्या** | : 07:11 पी एम से |
| **अमृत काल** | : 06:22 पी एम से |
| **निशिता मुहूर्त** | : 11:58 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : उत्तर में
कुंभी चक्र: तल

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:26 - 07:10 | उद्वेग : 07:11 - 08:28 |
| अमृत | : 07:10 - 08:53 | शुभ : 08:28 - 09:45 |
| काल काल वेला | : 08:53 - 10:36 | अमृत : 09:45 - 11:02 |
| शुभ | : 10:36 - 12:19 | चर : 11:02 - 12:19 |
| रोग वार वेला | : 12:19 - 02:02 | रोग : 12:19 - 01:36 |
| उद्वेग | : 02:02 - 03:45 | काल : 01:36 - 02:52 |
| चर | : 03:45 - 05:28 | लाभ : 02:52 - 04:09 |
| लाभ | : 05:28 - 07:11 | उद्वेग : 04:09 - 05:26 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज दशमी

**आज कौन सा कार्य करें**

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

ज्येष्ठ, कृष्ण, दशमी, 2078 बुधवार, 25 मई - 31 मई, 2022

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**रचनात्मक** कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। मित्र व संबंधियों का सहयोग व मार्गदर्शन मिलेगा। कार्य का विस्तार हो सकता है। जरूरी कागजों को ध्यान से पढ़ें।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
**सामाजिक** प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ** (ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
**देव-दर्शन** की योजना बनेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, नू,या,यी,यू)
**कार्यस्थल** पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। नया काम प्रारंभ करने का मन बनेगा। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। उत्साह व प्रसन्नता बने रहेंगे। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन** (क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह)
**वाहन** व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती है। कुसंगति से बचें।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
**पार्टनरों** से सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यस्तता रहेगी।

**कर्क** (हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
**राजकीय** सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर-बाहर मांगलिक कार्य हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** (भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
**कार्य** को सुचारु रूप से पूर्ण कर पाएंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। मित्र व संबंधियों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। झंझटों में न पड़ें। बेचैनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
**नौकरी** में अधिकार बढ़ सकते हैं। संपत्ति के सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार मिलेगा। परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ रहेगा। कई दिनों से अटके काम अब पूर्ण होंगे।

**कुंभ** (गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा)
**मेहनत** अधिक होगी। किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंचेगी। फिजूलखर्ची होगी। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। तनाव रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
**किसी** के अनुचित व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)
**घर** में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। किसी मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



**समीक्षा बैठकः** शिक्षा विभाग में होगी 90,000 से ज्यादा भर्तियां, मुख्यमंत्री गहलोत बोले-

# 2023 तक प्रदेश में खुलेंगे 2000 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले ही शिक्षा विभाग पूरी तरह एक्टिव हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा विभाग में लंबित चल रही भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर मंथन किया गया। वहीं विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में 2000 महात्मा गांधी स्कूल खोलने का लक्ष्य रखा गया। इसके साथ ही बैठक में अगले एक साल में शिक्षा विभाग में 90 हजार से ज्यादा टीचर्स के पदों पर भर्ती करने का लक्ष्य रखा गया।

### 94,845 पदों पर होगी भर्ती

**इस** दौरान शिक्षा मंत्री बीडी. कल्ला ने बताया कि शिक्षा विभाग में दिसम्बर 2018 से अब तक विभाग में 64,706 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी है। जबकि 24,966 पदोन्नतियां की गई हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग में टीचर्स के 94,845 पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं प्रारम्भिक शिक्षा के अन्तर्गत 15 हजार 500 पदों पर जिला परिषदों द्वारा 25 मई तक नियुक्ति कर दी जाएगी।

**PTI भर्ती में सीपीएड-डीपीएड-बीपीएड होंगे शामिल**

### गहलोत कैबिनेट का फैसला : एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर की 80% पोस्ट प्रमोशन से भरी जाएंगी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गहलोत सरकार ने PTI भर्ती में सर्टिफिकेट कोर्स इन फिजिकल एजुकेशन, डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन और बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन तीनों तरह की योग्यता रखने वाले कैंडिडेट्स को शामिल करने का फैसला किया है। इसके लिए कैबिनेट ने राजस्थान एजुकेशनल सर्विस रूल्स-2021 में संशोधन की मंजूरी दे दी है। प्रदेश में फिलहाल सीपीएड को इस भर्ती में शामिल नहीं किया जाता है। सीपीएड की जगह पर 12वीं क्लास के बाद डीपीएड कोर्स चलाया जाता है। पीटीआई की पोस्ट पे-मैट्रिक्स लेवल 10 की है। यह 100 फीसदी सीधी भर्ती से ही भरी जाएगी। इसके साथ ही कैबिनेट ने एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर की 80 फीसदी पोस्ट प्रमोशन से भरने का फैसला लिया है। अभी 50 फीसदी सीधी भर्ती और 50 फीसदी पद प्रमोशन से भरे जाते हैं, जबकि सूचना सहायक, सहायक प्रोग्रामर को प्रमोशन देने का निर्णय लिया है। सरकार ने राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम 1992 के सर्विस रूल्स में संशोधन को मंजूरी दी है।

**1 करोड़ नामांकन का टार्गेट**

**समीक्षा** बैठक के दौरान राजस्थान के सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया। सीएम गहलोत ने कहा की इस बार प्रदेश में 98 लाख से ज्यादा नामांकन हुए है। लेकिन हमें लक्ष्य को बढ़ाते हुए इसे एक करोड़ तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा की प्रदेश में फ़िलहाल 749 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल स्थापित किये जा चुके है। ऐसे में 2023 शैक्षिणिक सत्र शुरू होने से पहले हमें प्रदेश के गांव और शहरों में 2000 इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने है। इसके साथ ही गहलोत ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों में 10 हजार टीचर्स के पदों पर भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के आदेश दिए।

**महिलाओं के लिए 7500 करोड़ रुपए के स्मार्टफोन**

# चौथी सालगिरह पर 1.33 करोड़ महिलाओं को मोबाइल देगी गहलोत सरकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत सरकार प्रदेश की 1.33 करोड़ महिलाओं के लिए 7500 करोड़ के स्मार्टफोन खरीद रही है। सरकार ने 1.33 करोड़ मोबाइल हैंडसेट तीन साल तक फ्री 4जी इंटरनेट के साथ सप्लाई करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। हर स्मार्टफोन करीब 5,639 रुपए की कीमत का होगा। गहलोत सरकार की चौथी सालगिरह से महिलाओं को मोबाइल हैंडसेट बांटना शुरू करने की तैयारी में है। सरकार की एजेंसी राजकॉम्प ने दो दिन पहले ही टेंडर जारी किया है। टेंडर की कुल कीमत 7500 करोड़ है। इसमें 1.33 करोड़ स्मार्टफोन और तीन साल तक इंटरनेट सुविधा शामिल है। देश भर की मोबाइल हैंड सेट मैन्युफैक्चरर और सर्विस प्रोवाइडर कंपनियां टेंडर में हिस्सा लेंगी। इसको लेकर 23 मई को 3 बजे प्री-बिड बैठक रखी गई है। 1 जुलाई को टेक्निकल बिड खुलेगी। इसके बाद ही तय होगा कि कौन सी कंपनी मोबाइल सप्लाई करेगी। सरकार ने टेंडर डॉक्यूमेंट में वर्क ऑर्डर मिलने के एक साल के भीतर सप्लाई की शर्त रखी है।

### गहलोत ने बजट में की थी घोषणा, लाभार्थी महिलाओं का रिकॉर्ड सरकार के पास

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस साल बजट में प्रदेश की 1.33 करोड़ महिलाओं को स्मार्टफोन देने की घोषणा की थी। सरकारी मोबाइल फोन परिवार की मुखिया महिलाओं को दिए जाएंगे जिनके नाम जनाधार कार्ड में है। मोबाइल के साथ तीन साल तक डेटा फ्री होगा। जिन महिलाओं को मोबाइल दिए जाने हैं उनका पूरा रिकॉर्ड सरकार के पास है।



उसी रिकॉर्ड के हिसाब से उन्हें सिम अलॉट कर दिए जाएंगे।

### जिला और ब्लॉक लेवल पर होगा डिस्ट्रीब्यूशन, ई-केवाईसी करवानी होगी

स्मार्टफोन का डिस्ट्रीब्यूशन जिला और ब्लॉक लेवल पर होगा। जिन महिलाओं को मोबाइल दिए जाएंगे। इन्हें ई-केवाईसी करवाना होगा। आईटी विभाग इसके लिए समय और जगह तय करेगा।

### कंपनियों को 2 साल बाद मिलेगा पूरा पैसा, डिलीवरी के वक्त केवल 30% प्रतिशत पेमेंट

टेंडर में स्मार्टफोन सप्लाई करने वाल कंपनी को भुगतान करने की कई शर्तें लगाई हैं। जो भी कंपनी स्मार्टफोन सप्लाई करेगी उसे डिलीवरी के समय हैंडसेट की कीमत का केवल 30 फीसदी पैसा ही मिलेगा। डिलीवरी के एक साल बाद 35 फीसदी और फिर दो साल बाद बचा हुआ 35 फीसदी पैसा दिया जाएगा। सरकार की इस शर्त से एक साथ भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा स्मार्टफोन सप्लायर्स को ब्लॉक लेवल पर सर्विस सेंटर बनाने होंगे। कस्टमर केयर की डेडिकेटेड व्यवस्था भी करनी होगी। वर्क ऑर्डर मिलने के बाद एक साल के भीतर पूरे हैंडसेट देने होंगे। एक बैच में कम से कम पांच लाख मोबाइल की सप्लाई करने की

### एमएसपी पर चना खरीद के लिए कृषक पंजीयन सीमा को 20% तक बढ़ाया

**जयपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना बेचान करने के लिए किसानों की पंजीयन सीमा को 20 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बताया कि राज्य के 22 जिलों के 152 केन्द्रों पर चने की निर्धारित पंजीकरण सीमा पूर्ण होने के कारण पंजीयन सीमा में 20 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

## जागरूक खबरें

### पिंकसिटी प्रेस क्लब में ग्रीष्माकालीन बाल अभिरुचि शिविर 1 जून से

**मार्शल आर्ट, योग, पेंटिंग, डांस सहित अनेक विधाओं का मिलेगा प्रशिक्षण**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से क्लब सदस्यों के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि शिविर का आयोजन 1 जून से 10 जून 2022 तक क्लब परिसर में किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि शिविर में बच्चों को कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी, जयपुर भ्रमण एवं मैजिक शो दिखाया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए प्रशिक्षणार्थी 25 मई 2022 तक आवेदन क्लब कार्यालय में जमा करवा सकते है। शिविर समय प्रातः 7 बजे 11 बजे तक रहेगा। क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया की शिविर का आयोजन प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य अनिता शर्मा के संयोजन में किया जाएगा। 10 दिवसीय शिविर में बच्चों को मार्शल आर्ट, संगीत, नाटक, पेंटिंग, अभिनय, योग, संगीत, वेस्टर्न डांस एवं कथक सहित अनेक विद्याओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 5 से 15 साल तक के बच्चें ही शिविर में भाग ले सकते है। शिविर के सह संयोजक विजेन्द्र जायसवाल को बनाया गया है।

### किडनी ओपीडी शुरू करने को लेकर एमओयू साइन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर रूरल हैल्थ एण्ड डवलपमेंट ट्रस्ट और बी.के. आरोग्यम एण्ड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड संस्था के बीच एक एमओयू साइन किया गया। जयपुर रूरल हैल्थ एण्ड डवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डॉ. संजय बियानी और बी.के. आरोग्यम एण्ड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, वाराणासी संस्था की निदेशक शिमाली चौरसिया के बीच साइन हुए इस एमओयू में यह तय किया गया कि एक किडनी ओपीडी की शुरूआत की जाएगी और साथ ही किडनी के मरीजों के लिए आवश्यक आयुर्वेदिक दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। डॉ. बियानी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा और चिकित्सा समाज के दो बडे स्तम्भ हैं। अगर यह दोनों साथ मिलकर काम करें तो नए कीर्तिमान स्थापित हो पाएंगें। इसी भावना से यह एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत जयपुर रूरल हैल्थ एण्ड डवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से किडनी ओपीडी के लिए स्थान मुहैया करवाया जाएगा, यह ओपीडी ट्रस्ट बियानी बी.के. आरोग्यम केन्द्र के नाम से चलाया जाएगा। इस ओपीडी क्लिीनिक में केवल किडनी से सम्बन्धित मरीजों का ईलाज किया जाएगा। अगर मरीज को भर्ती करने की जरूरत होगी और बिमारी अधिक गंभीर होगी तो रोगी को बी.के. आरोग्यम एण्ड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, वाराणासी में रैफर कर दिया जाएगा।

**9-10 जून को होंगे छोटीकाशी में विविध आयोजन**

# धूमधाम से मनेगी गायत्री जयंती, तैयारियां शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कोरोना महामारी के दो साल बाद इस बार गायत्री जयंती और गंगा दशहरा 9-10 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में वेदमाता गायत्री और पुण्य सलिला गंगा का भावभरा आह्वान कर पूजा-अर्चना की जाएगी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से ब्रह्मपुरी, वाटिका स्थित गायत्री शक्तिपीठ, मानसरोवर के वेदना निवारण केंद्र सहित सभी सभी गायत्री चेतना केंद्रों पर वेदमाता गायत्री का प्राकट्य उत्सव उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि दोनों शक्तिपीठों और सभी चेतना केन्द्रों पर 9 जून को सुबह से शाम तक सबकी सद्बुद्धि की कामना के साथ सामूहिक गायत्री महामंत्र का अखंड जप किया जाएगा। शाम को दीप यज्ञ होगा। दूसरे दिन 10 जून को सुबह 8 बजे से शक्तिपीठों, वेदना निवारण केंद्र और सभी चेतना केंद्रों पर गायत्री महायज्ञ किया जाएगा। इस मौके पर पर्व पूजन होगा और दीक्षा, नामकरण, पुसंवन, विद्यारंभ सहित अन्य संस्कार भी कराए जाएंगे। गायत्री परिवार जयपुर जोन के प्रभारी सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि यज्ञ से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 29 मई को मानसरोवर की वेदना निवारण केंद्र पर सभी कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। इस बार गायत्री जयंती पर ज्यादा से ज्यादा नए परिजनों को जोडने पर दिया जाएगा। गायत्री महामंत्र से जुड़ी पुस्तकें आधे मूल्य पर उपलब्ध करवाई जाएगी। खोले के हनुमान मंदिर और गलता गेट स्थित गायत्री मंदिर, स्टेशन रोड, चौड़ा रास्ता, जयनिवास उद्यान के गंगा माता

# 108 वेदीय सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ में दी आहुतियां



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट तथा गौड़ ब्राह्मण महासभा, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन गौड़ ब्राह्मण महासभा भवन, विद्याधर नगर, जयपुर में किया गया। प्रातः 8 से 11 बजे तक कार्यक्रम रहा। इस कार्यक्रम में 108 परिवारों ने एक साथ सामूहिक नैनो यज्ञ किया तथा यज्ञोपैथी (यज्ञ चिकित्सा) के बारे में समझा। यज्ञ से शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों यथा अनिद्रा, स्मरण शक्ति की कमी, मधुमेह, लकवा आदि में आश्चर्यजनक लाभ पाने वाले नैनो यज्ञ याजकों ने अपने अनुभव बताए। सभी परिवारों ने अपने घर में गायत्री सप्त क्रान्ति ट्रस्ट द्वारा दिए गए नैनो यज्ञ किट से नियमित नैनो यज्ञ करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाषजी डुण्डलोदिया प्रमुख समाजसेवी ने की। कार्यक्रम की सफलता में मुख्य अतिथि के रूप में सीताराम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विशेष योगदान रहा, अतिथियों का माल्यार्पण एवं सत् साहित्य भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी लोगों के भोजन

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# विश्व शिजोफ्रेनिया दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मेंटल हेल्थ फाउंडेशन, गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, यंग साइकेट्रिक सबकमिटी, मीडिया एंड मेंटल हेल्थ सबकमिटी आई.पी.एस. के संयुक्त तत्वाधान में आज विश्व शिजोफ्रेनिया दिवस के उपलक्ष में विद्याधर नगर सेक्टर 8 में स्थित कच्ची बस्ती में स्कूली छात्रों एवं आमजन को शिजोफ्रेनिया रोग के बारे में जनजागृति हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गौतम अस्पताल की सीईओ राजश्री गौतम द्वारा निर्मित शिजोफ्रेनिया पर आधारित लघु फिल्म 'भ्रम



जाल' दिखाई गई। यह लघु फिल्म अस्पताल में भर्ती 2 रोगियों की वास्तविक कहानी पर आधारित है ताकि जनसाधारण को जानकारी मिल सके कि ऐसे रोगियों का उपचार एवं पुर्नस्थापना संभव है। यंग साइकेट्रिक सबकमेटी की अध्यक्ष डॉ अनिता गौतम ने बताया कि यह एक मनोसामाजिक मानसिक रोग है। इसके कारणों में अनुवांशिकता, नशे की लत, वातावरण में हुए परिवर्तन एवं मस्तिष्क में होने वाले रासायनिक परिवर्तन है। जिससे व्यक्ति काल्पनिक भ्रम का शिकार हो जाता है। तथा उसे काल्पनिक आवाजें, काल्पनिक लोग एवं काल्पनिक अनुभव महसूस होते हैं। उसके व्यवहार में विकृति आ जाती हैं। मीडिया एंड मेंटल हेल्थ सब कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर मनस्वी गौतम ने बताया कि आधुनिक उपचार द्वारा इन रोगियों का ना सिर्फ इलाज संभव है बल्कि रोग दोबारा ना हो इसके लिए रोकथाम भी संभव है। उपलब्ध आधुनिक औषधियों के कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं।

शीघ्र पहचान से बीमारी का सही उपचार होता है तथा बीमारी से होने वाली अक्षमता को रोका जा सकता है। बस्ती के लोगों ने लघु फिल्म भ्रम जाल को देखकर कहा कि यह

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए शिल्प सृजन संस्था के तत्ववधान में नेहरू उद्यान में पक्षियों को दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए। जिससे पक्षियों को चिलचिलाती धूप में राहत मिलेगी। इस पुनीत कार्य के लिए संस्था के पदाधिकारियों के साथ साथ सीनियर प्रशासनिक आधिकारी नवीन जैन की धर्मपत्नी सुनीता जैन, कनु मेहता, सुषमा महेश्वरी, बाबूलाल जैन, रोहित सिंह, मीना गुप्ता, शिवाली, शिखा तिवारी, निकिता जैन, अदिति जैन, हेमन्त, मीनू लूनिया, शिलिनी शर्मा, कविता,



सपना, आरती दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष शिल्पी शाह ने इस पुनीत कार्य में आने वाले सभी अतिथियों को ठंडी लस्सी पिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जागरूक खबरें

### अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी का परिंदों के लिए परिंडा अभियान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी द्वारा परिंदों के लिए परिंडा अभियान का आयोजन रावत पब्लिक स्कूल,प्रताप नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद विनोद शर्मा को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन, उत्तराखंड महासभा के अध्यक्ष,अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के प्रेसिडेंट बी एस रावत के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने बताया कि अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी की स्थापना समाज के प्रत्येक कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए की गई है और इसके साथ ही उन्होंने सोसाइटी के भावी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर 200 से अधिक अभिभावकों,बच्चों एवम आगंतुकों ने परिंडे लगाए। एवं अपने सभी साथियों एवं समाज में परिंडे लगाने की प्रेरणा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सदस्य ओ पी त्रिपाठी एवं मधुसूदन दाधीच भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक, बृजभूमि फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट,समर्पण संस्था के एजुकेशनल ब्रांड एंबेसेडर एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को समाज सेवा से संबंधित कार्यों में संलग्न रहने के लिए प्रेरित किया ।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 230 लाभान्वित, 19 की ऑंखों का ऑपरेशन



**उदयपुरवाटी।** डोकानिया टाउन हाल में गुरुवार, 19 मई को एलएन डोकानया चेरिटिब्ल ट्रस्ट मुम्बई व श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति की ओर से 35 वां नि:शुल्क चिकित्सा लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। संयोजक श्याम सुंदर डोकानिया ने बताया कि इसमें नेत्र रोग के 160 मरीजों को चिकित्सा परामर्श दे, निशुल्क दवा दी गई तथा 19 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य पाया गया जिनका सहाय हॉस्पिटल जयपुर में ऑपरेशन किया गया। इसमें चर्म रोग के 70 मरीजों को परामर्श दे निशुल्क दवा दी गई । इस शिविर में कुल 230 रोगी लाभान्वित हु । शिविर में जयपुर के डॉ. बनवारीलाल चौधरी, अनिल शर्मा, सुरेश भूतिया, वासुदेव डोकानिया, प्रमोद कुमार मिश्रा, रामसिंह शेखावत, उस्मान मनियार, सुशील कुमार रामुका, दीपक सैनी आदि का सहयोग सेवा में सराहनीय रहा ।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# स्पोर्ट्स एवं डांस प्रतियोगिता में जीते पुरुस्कार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्री वार्ष्णेय स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विद्याधर नगर स्थित आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब में स्पोर्ट्स एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन में बच्चों, महिलाओं एवं पुरूषों की विभिन्न वर्गो में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, कबड्डी एवं म्यूजिकल चेयर आदि खेलों की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाजी धाम हाथोज के स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने भगवान अक्रूर जी के बारे में बताया तथा उन्होंने बच्चों में अच्छे संस्कार देने के टिप्स दिए इनके सानिध्य में हनुमान चालीसा का ओजस्वता के साथ पाठ हुआ। स्वामीजी ने स्मृति चिन्ह वितरण किये।

बेडमिंटन सीनियर वर्ग में सत्य कुमार प्रथम,डॉ मुकेश गुप्ता द्वितीय एवं अजय गुप्ता तृतीय रहे,जूनियर वर्ग में शिवम प्रथम, दिव्यांश द्वितीय एवं मयंक तृतीय रहे।18 वर्ष से कम आयु में वेदांश प्रथम भास्कर द्वितीय एवं मृदुल तृतीय रहे।महिला सीनियर वर्ग में कविता गुप्ता प्रथम, रुचि वार्ष्णेय द्वितीय एवं विजेयता गुप्ता तृतीय जूनियर महिला वर्ग में उन्नति वार्ष्णेय प्रथम एवं वंशिका गुप्ता द्वितीय रहीं। चैस में दिव्यांश प्रथम एवं भास्कर द्वितीय रहे।

कैरम सीनियर वर्ग में अजय गुप्ता प्रथम, प्रवीण द्वितीय एवं संजय तृतीय, जूनियर वर्ग में सौर्यजीत प्रथम एवं भास्कर द्वितीय रहे।महिला सीनियर वर्ग में कविता प्रथम, जूही द्वितीय एवं मधु गुप्ता तृतीय,जूनियर वर्ग में केनिशा प्रथम एवं अशविता द्वितीय रहीं। म्यूजिकल चेयर में सीनियर वर्ग में प्रिया प्रथम, कविता द्वितीय एवं अंजू तृतीय जूनियर वर्ग में वंश प्रथम, योगान्श द्वितीय एवं केनिशा तृतीय रहे। कबड्डी टीमो ने खेल प्रारम्भ से पूर्व समस्त समान सदस्यों सहित राषटीय गान गया। वंदे मातरम टीम ने जयभारत टीम को हराया। डांस में पुरूष वर्ग में तन्मय गुप्ता प्रथम, जूनियर में मनन प्रथम, वंश द्वितीय सीनियर महिला वर्ग कंचन प्रथम, रुचि द्वितीय, कविता तृतीय जूनियर में नंदिनी प्रथम, मानवी द्वितीय, ख्याति एवं वंशिका तृतीय एवं 10 वर्ष से कम आयु में अशविता प्रथम, कनिष्का द्वितीय एवं सेजल गुप्ता तृतीय रहीं। इस अवसर पर डॉ विनोद गुप्ता, विक्रम गुप्ता,दिनेश गुप्ता, संजय कुमार, नीरज, डॉ अनिल गुप्ता, गिरीश गुप्ता, कमल गुप्ता, मुकुल आदि ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। मंच संचालन एडवोकेट संजय ने किया।

**आवागमन बाधित करता बढ़ता यातायात**

# उदयपुरवाटी करने लगा बाइपास की मांग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**उदयपुरवाटी।** कस्बे की अंदर की ओर से जाने वाली मुख्य तीन सड़कें हैं जिसमें सीकर-दिल्ली, झुंझुनूं-जयपुर और दिल्ली-सीकर मार्ग प्रमुख हैं । इन तीनों ही मार्गो पर तिरूपति बालाजी मंदिर, घूमचक्कर तिराहा, शाकम्भरी गेट के पास, पुलिस थाना के पास, बस स्टेण्ड निकास मार्ग, सीएचसी के पास, भैरूघाट, नई सब्जी मंडी चौराहा, चुंगी नाका 3 चौराहा, जमात स्कूल और जमात एरिया अधिक जाम वाले और संभावित दुर्घटना स्थल है। कस्बे की इन तीनों मार्गो पर दिन में सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है इसमें सभी प्रकार की बसें, ट्रेक्टर-ट्रॉलियां, डम्पर्स, ट्रॉलरर्स, बाइकस, वाटर-पेट्रोलियम टेंकर, पशु चलित गाड़ियां और अन्य तिपहिये आदि वाहन शामिल हैं।

बस और कार आदि को छोड़ दिये जाने के बाद माल-बिल्डिंग मेटिरियल और सामान से भरे छोटे और भारी वाहनों की ओर ध्यान दे तो इसमें बजरी, ईट, पत्थर, रोड़ी, सरिया, टेंकरर्स आदि संख्या बसों की तुलना में कम नहीं होतीं। ध्यान देने के कारक ये हैं ट्रेक्टर्स ट्रॉलियों में तूडी- छानी, बजरी, डंपरों मे रोडियां आदि सामान ऑवर लोड भर कर रोड पर भारी यातायात के बीच निकाला जाता है, इस स्थिति में वाहनों से कंकरीट, पत्थर, बजरी आदि का रोड पर बिखराव होने से और ट्रोलियों के दूसरे वाहनों के भारी-भरकम बोरे छू जाने से उनके बोरे फट जाने पर कई दूर तक रोड पर चारा बिखर जाता है जिससे यातायात में बाधा होने के साथ बरस भर में दर्जनों लोग गंभीर घायल हो कर अपाहिज हो जाते हैं और आधा दर्जन से अधिक लोग इन संभावित दुर्घटनों पर अकाल मौत का शिकार हो जाते हैं । इस स्थिति से बचने व कस्बे में यातायात का दबाव करने के लिए उदयपुरवाटी के बाहर से बाइपास की मांग की है। कस्बे के दिल्ली-सीकर व जयपुर-झुंझनूं मार्ग के चारों ओर पहाड़ियां हैं। ऐसी स्थिति में वन अधिकारी, क्षेत्र के पटवारी और अन्य प्रबुद्ध जनों की राय से सामने आया है कि गिरावड़ी मोड की पहाड़ी जो कि ऊँचाई में कम पड़ती है, इससे सुरंग निकाल कर दिल्ली मार्ग व जयपुर-झुंझुनू मार्ग को झुंझनूं से जोड़ सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्र से इस बाइपास को सीकर रोड से जोड़ा जा सकता है। बाइपास बन जाने से शहर की यातायात व्यवस्था को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है और कई लोगों को दुर्घटना व अकाल मौत

### अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू द्वारा "पक्षियों के लिये परिण्डें बांधे"



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चाकसू।** अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू के सदस्यों द्वारा चाकसू में स्थित मन्दिर श्री खाल के बालाजी के परिसर एवं अन्य स्थानों पर परिण्डे बांधे गये। अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू के सदस्यों द्वारा गर्मी के मौसम को देखते पक्षियों के लिए कामधेनू गौषाला परिसर, सैंषनकोर्ट के आस पास भी परिण्डेंबांधे गये है। सचिव कृष्णा शर्मा ने बताया कि सभी व्यक्तियों को अपने-अपने घरों में एक-एक परिण्डा जरूर बांधना चाहिए। जिससे पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने को पानीमिल सके। परिण्डे बांधने में विजय लक्ष्मी अग्रवाल का विषेष सहयोग रहा है। दीपक शर्मा (एडवोकेट), गणेष शर्मा, याचना शर्मा कामधेनू गौषाला के कर्मचारियों ने परिण्डें बांधने में सहायता प्रदान की गई है।

**एनएमसी का ड्राफ्ट जारी**

# सोशल मीडिया पर दवा और सलाह नहीं दे पाएंगे डॉक्टर्स

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** डॉक्टर अब सोशल मीडिया पर न दवा बता पाएंगे और न मरीजों को सलाह दे सकेंगे। उन्हें सोशल मीडिया पर लाइक्स, फॉलोअर्स खरीदने तथा सर्च एल्गोरिद्म में नाम टॉप पर दिखने के लिए पैसा खर्च करने से भी बचना होगा। डॉक्टरों के बारे में मरीजों की राय या उनके रिव्यू भी शेयर नहीं किए जा सकेंगे। इसके अलावा इलाज के बाद ठीक हुए मरीजों की जानकारी या सर्जरी के वीडियो और फोटो शेयर करने से बचना होगा। यह निर्देश एनमएसी की ओर से जारी मेडिकल प्रैक्टिश्नर (प्रोफेशनल) कंडक्ट रेग्युलेशंस में शामिल हैं।

**104 पेज के ड्राफ्ट में रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के पेशेवर व्यवहार से जुड़े नियम**

- विदेश से पढ़कर लौटे प्रैक्टिस के इच्छुक डॉक्टर्स एनएमसी की ओर से अनुमोदित उपाधि ही लगा सकेंगे। पहले रूस से लौटे एमबीबीएस डॉक्टर नाम के साथ एमडी लगा लेते थे। रूस में एमबीबीएस डिग्री को एमडी कहा जाता है। अब ऐसा नहीं होगा।
- आयुर्वेद और मॉर्डन मेडिसिन की प्रैक्टिस करने के पात्र डॉक्टर एक ही प्रैक्टिस कर सकेंगे। ऐसा क्रॉसपैथी रोकने के लिए किया है।
- आईएमए स्टैंडिंग कमेटी ऑन जूनियर डॉक्टर्स के सदस्य डॉ. शंकुल द्विवेदी ने बताया, टेलिमेडिसिन के लिए लिखित मंजूरी लेनी होगी। मरीज की उम्र 18 साल से कम है तो अभिभावकों की मंजूरी जरूरी।
- मेडिकल रिकॉर्ड्स 5 दिन तक उपलब्ध कराए जा सकेंगे। पहले यह अवधि 72 घंटे ही थी।
- सोशल मीडिया पर प्रमाणित जानकारी ही साझा करेंगे। इलाज की चर्चा नहीं होगी। मरीज डॉक्टर तक सोशल मीडिया से पहुंचता है तो टेलिमेडिसिन कंसल्टेशन या व्यक्तिगत परामर्श

### विधायक रामलाल के नेतृत्व में हुआ नड्डा का स्वागत



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चौमूँ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत कार्यक्रम के लिए चौमूँ विधानसभा के कार्यकर्ता बीते दिनों अपराहन 3:00 बजे रवाना हुए, सायं 4:00 बजे कुंडा पहुंचे। विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मंडल वार एकत्रित होकर जेपी नड्डा जी के स्वागत कार्यक्रम में

# रक्त की बूंद का महत्व डॉक्टर से बेहतर कौन समझेगा-डॉ.सिंह



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चौमूं।** दिल्ली जयपुर नेशनल हाईवे पर स्थित निम्स हॉस्पिटल निदेशक डॉ आदित्य पंकज सिंह का 50 वा जन्मदिवस विशाल रक्तदान शिविर व सामाजिक सरोकार के कार्य आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर निम्स अस्पताल में जन्म लेने वाली कन्याओं के लिए राजेश्वरी योजना का प्रारम्भ किया जिसमें की 11000 रु. की एफडी व निशुल्क शिक्षा जैसी प्रोत्साहन सुविधाएं शामिल है।

इस अवसर पर आयोजित भव्य जन्मदिवस समारोह में विभिन्न संस्थानों के डॉक्टर, जनप्रतिनिधि व उद्योगपति शामिल हुए। आपको बता दें कि अस्पताल के निदेशक डॉ आदित्य पंकज सिंह का जन्म दिवस आज सेवा संकल्प के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ सिंह ने परिवार व अस्पताल स्टाफ व उपस्थित 12000 से 15000 के लगभग जन समूह के साथ केक काटकर खुशियां साझा की। इस अवसर पर 1136 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर डॉ आदित्य पंकज सिंह ने बताया कि रक्त की एक एक बूंद कीमती होती है और इसे डॉक्टर से बेहतर कौन जान सकता है। निम्स हॉस्पिटल के चैयरमेन डॉ. बलवीर सिंह तोमर ने डॉ. पंकज को शुभाषिर्वाद प्रदान किया। बीएसएफ, के जी.एस. संधु, शाहपुरा के एमएलए आलोक बेनिवाल, गोपाल मीणा जमवारामगढ एमएलए, आसपास के जनप्रतिनिधि पंच सरपंच, राष्ट्रीय सडक सुरक्षा परिषद के डॉ निर्मल जैन, मनीष यादव शाहपुरा, राजेश मीणा जमवारामगढ, महावीर गुर्जर राज. विश्वविद्यालय सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने पहुंच कर व्यक्तिगत रुप से बधाई दी, बिजेपी के प्रदेशाध्यक्ष सतीष पूनिया, मंत्री अषोक



# आरएलपी करेगी आंदोलन, पीड़ितों को मिले मुआवजा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चौमूं।** नागौर सांसद और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने जयपुर के चौमूं में मीडिया से बात करते हुए राजस्थान की गहलोत सरकार के साथ साथ केंद्र की मोदी पर निशाना साधते हुए बीजेपी और कांग्रेस दोनों को घेरा और आंदोलन का ऐलान किया नागौर सांसद और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल चौमूं सामोद पहुंचे। बेनीवाल ने मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। दरअसल सामोद के रैगर मोहल्ले के निवासी एक ही घर के 5 लोगों की रेवाड़ी मे सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बेनीवाल ने मृतकों के परिजनों की आर्थिक सहायता के लिए जिला कलेक्टर राजन विशाल, मुख्यमंत्री सचिव कुलदीप रांका से दूरभाष पर बातचीत कर शीघ्र ही आर्थिक सहायता देने की मांग की।

### केंद्र सरकार पर भी साधा निशाना

**इधर** वही पेट्रोल डीजल के दाम को लेकर हनुमान बेनीवाल ने कहा कि ये ऊंट के मुंह में जीरे के समान दाम कम किए गए है। उन्होंने कहा कि कम से कम 50 रुपए डीजल पर और 50 से 60 रुपये पेट्रोल पर कम होने चाहिए। उन्होंने कहा केंद्र के साथ-साथ प्रदेश की सरकार को भी टैक्स में

**चौमूं उपखंड अधिकारी सीमा खेतान पर लगा हठधर्मिता का आरोप**

# समाधान नहीं होने पर धरने के अलावा कोई विकल्प नहीं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**चौमूं।** अक्सर आम आदमी परिवार के लिए मजदूरी करने बजाए जाए या अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए कभी कोर्ट में तो कभी प्रशासन के पास, लेकिन होता वही है जो नेताओं के दिमाग में होता है। ऐसा ही कुछ नजारा पिछले कई महिनों से चौमूं उपखंड में देखने को मिल रहा था। जिसका गुबार सोमवार को आखिर फूट गया। मामला अपने घर पर जाने के लिए उस रास्ते का था जिसकों रेलवे प्रशासन ने लोहे की गाटर लगा कर बंद कर दिया था। जानकारी के मुताबिक चौमूं कस्बे के बुरावाली गरेडो की ढाणी से मुख्य मार्ग तक जाने के लिए सालों से काम में आ रहे मार्ग पर रेलवे ने लोहे की गाटर इस लिए लगा दी कि वह जमीन रेलवे की थी। ऐसे में दर्जनों परिवार के सामने आने जाने के रास्ते को लेकर संकट खड़ा हो गया। आर्दश जाट महासभा के पूर्व प्रवक्ता मालीराम जाट ने बताया कि एक तरफ खातेदारी तो दुसरी तरफ रेलवे की जमीन होने के कारण अब इन परिवार वालों के घर मोटरसाइकिल तक जाने का रास्ता नहीं है। वहीं पीडित लोगों ने बताया कि मामले को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत को ग एक साल पहले अवगत करवाया गया, जंहा जिला कलेक्टर जयपुर ने उपखंड अधिकारी को रास्ता मुहैया करवाने की बात कही थी, वही तत्कालीन उपखंड अधिकारी हर्षित वर्मा के स्थानांतरण के चलते पिडित परिवार वालों को रास्ता नहीं मिल सका। वही पिडित परिवार वालों ने वर्तमान उपखंड अधिकारी सीमा खेतान को जब पूरे मामले से अवगत करवाया गया तो उपखंड अधिकारी ने मौका निरक्षण तक किया और अब मामले से पैर पीछे लेते दिखाई देने लगी। ऐसे में आहत दर्जनों परिवार की महिलाओं ने उपखंड कार्यलय पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। जंहा उपखंड अधिकारी ने तो धरने को अनदेखा करते हुए जाना उचित समझा, लेकिन बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टर से वार्ता के बाद मिले आश्वासन ने धरना समाप्त कर दिया। वही पीड़ित परिवार वालों ने उपखंड अधिकारी पर हठधर्मिता का

**स्वर्गीय गंगालहरी जी दीक्षित की याद में क्रॉस कंट्री रेस आयोजित**

# विजेता बने लक्ष्मण, पुरुस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे

### ओपन एज ग्रुप में छात्राओं ने भी की भागीदारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**अलवर।** जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील के ग्राम टोडानागर में दिनांक 22 मई को स्वर्गीय गंगालहरी जी दीक्षित की याद में ओपन एज ग्रुप क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। दीक्षित परिवार तथा ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रेस में आसपास के कई गांवों से 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। समीपवर्ती ग्राम खोहरा निवासी लक्ष्मण सैनी विजेता रहे। दूसरा स्थान टोडाज्ञानसिंह निवासी जयराम गुर्जर ने हासिल किया। तीसरे स्थान पर पिनान निवासी मनीष सैन रहे। दौड़ में टोडानागर की दो बालिकाओं ने भी युवाओं के साथ भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में पधारे गणमान्य अतिथियों में ठेकड़ा बालाजी धाम के 108 श्री बलरामदासजी महाराज, भागवतआचार्य ललित किशोर शास्त्री, ग्राम पंचायत टोडानागर के सरपंच प्रीतम बैरवा, पंचायत डायरेक्टर दीपचंद मीणा, धोलागढ़ माता सैन समाज के अध्यक्ष मुकेश सैन, पूर्व सरपंच कजोड़ी मीणा, युवा कांग्रेस तहसील अध्यक्ष दिलीप कुमार मीणा सहित कई लोग शामिल थे। मंचासीन विशिष्टजनों का माला तथा साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

स्वर्गीय श्री गंगालहरी जी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी के संयोजन तथा उनके पुत्र अंतरराष्ट्रीय कॉमनवेल्थ जूड़ो खिलाड़ी प्रदीप कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में हुए आयोजन में प्रथम विजेता को 2100 रुपये का नकद पुरस्कार, शील्ड, प्रमाण पत्र, डॉक्यूमेंट फाइल तथा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उप विजेता को 1100 रुपये नकद, शील्ड, प्रमाण पत्र, डॉक्यूमेंट फाइल तथा रजत पदक देकर सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर रहे धावक को 500 रुपये नकद, प्रमाण पत्र, डॉक्यूमेंट फाइल तथा कांस्य पदक प्रदान किया गया। इनके अलावा दस प्रतिभागियों को 200 रुपये नकद तथा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। दोनों बालिका प्रतिभागियों को भी 200 रुपये का नकद पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में अनिता शर्मा, सरिता शर्मा, अदिती शर्मा, चेतना कटारा, शम्भूदयाल दीक्षित, कपिल दीक्षित, रामबाबू तिवाड़ी, विनोद कुमार शर्मा, योगेश शर्मा मौजूद रहे। मंच संचालन दयाराम मीणा ने किया।

कॉमनवेल्थ जूडो प्लयेर प्रदीप दीक्षित ने खेल प्रतियोगिताओं एवं पुलिस तथा सेना भर्ती की तैयारी में जुटे युवाओं तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि मेहनत इतनी खामोशी तथा लगन से करें की आपकी कामयाबी खुद आपके नाम का शोर मचा दे। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। प्रतिभागियों में कॉमनवैल्थ खिलाड़ी प्रदीप दीक्षित के साथ सेल्फी लेने का क्रेज दिखा। दीक्षित ने प्रतिभागियों को सफलता के लिए सतत प्रयास का मंत्र दिया।

### आर्शीवाद और पुरस्कार खूब मिले

**आसपास** के क्षेत्र में पहली बार हुए इस प्रकार के आयोजन की सभी ने सराहना की। ग्राम पंचायत सरपंच सहित कई अन्य गणमान्य जनों ने अपनी तरफ से विजेतओं को नकद पुरस्कार दिये। ठेकड़ा बालाजी के 108 श्री बलरामदास जी महाराज ने प्रतिभागियों के हौसले तथा मेहनत की सराहना की और आशीर्वाद प्रदान किया। ग्राम पंचायत सरपंच प्रीतम बैरवा तथा लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति डायरेक्टर दीपचंद मीणा ने प्रतिभागियों के हौसले तथा खेलों के प्रति लगाव की प्रशंसा की। प्रथम तीन विजेताओं के अलावा दस सांत्वना पुरस्कार विजेताओं में बिणजारी निवासी गौतम मीणा, पिनान निवाी नासिर हुसैन तथा कासिद खान, बिणजारी के प्रशांत, टोडानागर के ललित सैन, मस्तराम मीणा तथा मस्तीराम मीणा, खोहरा के मोहित कुमार, ग्राम लालका निवासी भक्तीराम मीणा, टोडानागर के राहुल चौधरी तथा लालका निवासी शिवराम गुर्जर शामिल थे। सम्मान समारोह में ग्राम लीली निवासी रामबाबू तिवाड़ी, ग्राम डेरा निवासी विनोद कुमार, टोडाज्ञानसिंह निवासी पंचम सिंह, टोडानागर निवासी

## जागरूक खबरें

### भारतीय सेना के सहयोग से नारायण सेवा का शिविर सम्पन्न



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान द्वारा गान्दरबल, श्रीनगर के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में बसे दिव्यांगों के लिए बुसन बटालियन, कंगन और 34 असम राइफल्स के सौजन्य से कंगन आर्मी गुडविल सैकेण्डरी स्कूल में त्रिदिवसीय कृत्रिम अंग माप शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मेजर अनूप व केप्टन विपुल की मौजूदगी में तीनों दिन तक चले शिविर में संस्थान के डॉक्टर्स एवं प्रोस्थेटिक एण्ड ऑर्थोटिस्ट टीम ने 410 रोगियों को परामर्श दिया। 78 दिव्यांगों का केलीपर्स और कृत्रिम हाथ-पैर का माप लिया तथा 90 भाई-बहनों को शल्य चिकित्सा के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में 70 फौजी-जवानों की टीम सहायता में लगी हुई थी। वही संस्थान की 15 सदस्य टीम ने अपनी सेवाएं दी। उन्होनें कहां कुछ सप्ताह बाद आर्मी के सहयोग से कृत्रिम अंग, केलीपर्स और सहायक उपकरण वितरण केम्प स्थानीय ग्रामीणों के लिए लगाया जाएगा।

### युवाओं ने किए पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** यहां चुंगी नाका 3 के पास राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए । संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि राजीव गांधी का मुख्य मिशन 21वीं सदी में संचार क्रांति के नव भारत का निर्माण करने का था । इसके लिए उन्होंने पूरी ऊर्जा व तत्परता से कार्य भी किया। उन्होंने कम्प्यूटर क्रांति, पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा देना, डिजिटल क्रांति, शिक्षा प्रसार के लिए ठोस कदम उठाना तथा 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार प्रदान कर शासन में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने सहित राष्ट्र निर्माण में कई योजनाएं तैयार करना आदि कार्य थे। इस दौरान रतनलाल टांक, सत्यनारायण जांगिड़, नरेश सैनी, नदीम मंसूरी, विश्वास शर्मा, शंकरलाल आदि थे ।

### एमपी बिरला सीमेंट द्वारा भूकंपरोधी निर्माण पर कार्यशाला आयोजित



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** एमपी बिरला सीमेंट द्वारा टेक्नोक्रेटस कॉंफ्रेंस का आयोजन उदयपुर में किया गया, जिसमें शहर के इंजिनियर्स व आर्किटेक्ट शामिल हुए। इस अवसर पर एमबीम विश्वविद्यालय के डॉ शैलेश चौधरी द्वारा भूकंपरोधी निर्माण पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जोनल सेल्स मेनेजर रूपेंद्र मील व रीजनल मेनेजर दिनेश जोशी द्वारा सभी इंजिनियर्स व आर्किटेक्ट का स्वागत किया गया। कस्टमर सर्पोट हैड दीपेश शर्मा ने कंपनी व उसके उत्पादों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि एमपी बिरला सीमेंट अपने आप को एक सोल्युशन बेस कंपनी के रूप में ग्राहकों के सामने प्रेषित करती है, जिसके उत्पाद एक बेहतरीन गुणवत्ता के है। चाहे व सीमेंट में चेतक, परफेक्ट प्लस, सम्राट एडवांसड, मल्टिसेम व कोंक्रीसेम हो या फिर परफेक्ट प्लस वॉलपुट्टी व वाटरप्रफींग केमिकल हो। यह कंपनी पिछले 54 वर्षों से निरंतर राजस्थान में अपनी सेवा दे रही है। इस कार्यशाला में कंपनी के उदयपुर शाखा के सभी अधिकारी व स्थानीय सेल्स प्रमोटर्स उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन पुनीत रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा रचनाकारों के उत्साहवर्धन हेतु एवं उनके मन के भावों को आदर देने के उद्देश्य से ऑनलाइन 'पुनीत रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें रचनाकारों को अलग-अलग विषयों के विकल्प देकर उसमें से किसी एक विषय का चयन करके चयनित विषय पर आधारित रचना लिखने के लिए कहा गया था। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषयों पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से अपने मन के भावों को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'पुनीत रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस कार्यक्रम में समूह द्वारा अपने पिछले ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रमों में मंच की शोभा बढ़ा चुके रचनाकारों को विशिष्ट साहित्यिक शख्सियत के तौर पर जोड़कर ऑनलाइन 'पुनीत विशिष्ट रचनाकार' सम्मान देकर सम्मानित किया गया और साथ ही समूह से पहली बार जुड़कर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने वाले रचनाकारों को ऑनलाइन 'पुनीत रचनाकार' प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने ऑनलाइन 'पुनीत रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम' में प्रतिभागी रचनाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया तथा सम्मान पत्र और प्रशस्ति पत्र पाने वाले सभी रचनाकारों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम सोनी कुमारी, स्मिता सिंह चौहान, प्रिया अवस्थी शर्मा, सीमा मोटवानी, संध्या शर्मा, ज्योति चौधरी, रीना अग्रवाल, सुभाष सेमल्टी 'विपी', गरिमा, ज्योति पांडे, अर्चना श्रीवास्तव, प्राप्ति सिंह, सावित्री मिश्रा, सरोज कंचन, नंदिनी ठाकुर, पूजा गुप्ता, पूजा सिंह रघुवंशी, कोमल वर्मा रचनाकारों के रहे।

### हज़रत रोशन अली बावा साहब का 3 दिवसीय उर्स 27 मई से -कार्यक्रम तय

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक सब्जी मंडी सुभाष चौक स्तिथ हज़रत रोशन अली बावा साहब का वार्षिक तीन दिवसीय उर्स 27 मई से 29 मई तक आयोजित किया जायेगा।उर्स कमेटी के अध्यक्ष शकील गोरी ने बताया कि उर्स के प्रथम दिन 27 मई को शाम 4 बजे केली वाले मिया मस्जिद से चादर शरीफ का जुलूस निकलेगा।जो शाम 7 बजे तक सब्जी मंडी पहुँचेगा। और चादर पेश की जायेगी। रात को 9 बजे महफ़िल ए क़व्वाली आयोजित की जायेगी।

**जिला प्रशासन दे रहा कोचिंग संस्थानों के लिए फीस की इजी एक्जिट पॉलिसी को अंतिम रूप**

# कोचिंग छोड़कर जाने वाले विद्यार्थियों की फीस होगी रिफंड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटा।** कोचिंग संस्थानों में फीस की इजी एक्जिट पॉलिसी एवं तनाव मुक्त शैक्षणिक वातावरण के संबंध में जिला कलक्टर हरिमोहन मीना की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि कोटा की पहचान शैक्षणिक नगरी के रूप में है। इसे बरकरार रखने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। कोटा में देशभर से आने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कोचिंग के बाद वे यहां से जाएं तो अच्छी छवि को अपनी यादों में सहेजकर रखें। उन्होंने बैठक में कोचिंग संस्थानवार वर्तमान में लागू फीस निर्धारण पॉलिसी के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद सहमति के आधार पर कोचिंग संस्थानों, विद्यार्थियों के हित में गाइडलाइन तय करने की बात कही। कई कोचिंग संस्थानों की ओर से पहले ही शुल्क रिफंड के नियम हैं। अब सभी के लिए समान नियम लागू होंगे। बैठक में अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा, अतिरिक्त आयुक्त आबकारी सुनीता डागा, अतिरिक्त निदेशक स्थानीय निधि अंकेक्षण विधि शर्मा, उपाधीक्षक पुलिस अंकित जैन सहित कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### इस प्रकार होगी कटौती

यदि विद्यार्थी कोचिंग छोड़ता है तो उसके कारण के आधार पर कोचिंग में प्रवेश लेने के प्रथम 15 दिवस के अन्दर 15 प्रतिशत की कटौती करने के बाद शेष फीस रिफण्ड की जाएगी। 30 दिवस, 45 दिवस और 60 दिवस के अन्दर कोचिंग छोड़ने पर उतनी प्रतिशत राशि कटौती कर शेष राशि लौटाई जाएगी।

#### फीस रिफंड के आधार

» विद्यार्थी के परिवार में माता-पिता अथवा निजी संबंधी की मृत्यु हो जाने अथवा गम्भीर रोग से ग्रसित होने जाने पर।
» कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थी जिस डिग्री में प्रवेश की कोचिंग प्राप्त कर रहा है, उसमें अध्ययन के लिए शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिल जाता है।
» मेडिकल रिपोर्ट या कोचिंग के साइकोलॉजिस्ट की रिपोर्ट के आधार पर कोचिंग छोड़ने पर फीस रिफण्ड की जा सकेगी।

## स्निग्धा ने एमए अंग्रेजी में तीसरा स्थान हासिल कर बढाया उदयपुरवाटी का मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** यहां के नवजीवन हॉस्पिटल के पास रहने वाले राजकीय सी.सै. स्कूल, इन्द्रपुरा के अंग्रेजी के वरिष्ट अध्यापक रामकुमार सिंह राव व कैलाश कँवर की पुत्री स्निग्धा कँवर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की स्नाकोत्तर अंग्रेजी साहित्य की अंतिम परीक्षा में 73 फिसदी अंक हासिल कर टॉप टेन में तीसरा स्थान हासिल कर उदयपुरवाटी व परिवार का गौरव बढाया। इस उपलब्धि और खुशी पर राजीव गांधी विकास संस्थान कोट के संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने अपने हाथ से स्निग्धा का मुँह मीठा कर, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदित किया। स्निग्धा ने इसका श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने बड़े भाई देवेन्द्र सिंह के आशीर्वाद व अपने छोटे भाई अक्षुण सिंह के स्नेह को देते हुए अपने नियमित अध्ययन के श्रम और समय को दिया। उसने कहा कि वह कॉलेज में अंग्रेजी साहित्य की प्रोफेसर बनना चाहती है।

**हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबंल कार्यक्रम**

## लाभान्वित होंगे 13000 विद्यार्थी

### अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में पारंगत होने के साथ ही सर्वागिण विकास पर बल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** गर्मी की छुट्टियों में घूमने फिरने या फिर सिर्फ खेलकूद के बजाय पहली बार घर से दूर रहने और वह भी एक माह के लिए, 24 घण्टें अनुशासन, अध्ययन, खेलकूद, व्यक्तित्व निखार जैसे विषयों के लिए जाना हो तो स्वाभाविक तौर पर 200 से अधिक बच्चें एकमत नही हो सकते। लेकिन जावर, पंतनगर, चित्तौडगढ़, आगुचा, दरीबा, देबारी, जावर और कायड़ से इस शिविर में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास इस बात को साबित करने के लिए अनुकुल थे कि उन्हें पढ़ाई मे रूचि के साथ साथ अपने गुरूजनों से अभिभावकों जैसा व्यवहार और मार्गदर्शन उन्हें घर से दूर घर सा ही वातावरण दे रहे है जो कि उनके भविष्य की नींव के लिए अमूल्य है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा चलायें जा रहे शिक्षा संबंल कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों में पंतनगर, उत्तराखण्ड सहित राज्य के 5 जिलों उदयपुर, राजसमंद, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा, अजमेर के राजकीय विद्यालयों के 1000 से अधिक बच्चें उत्साह से भाग ले रहे है। इन प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों के साथ ही शारीरिक, खेलकूद, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडकर उनके सर्वागिंण विकास की और अग्रसर किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा विद्या भवन सोसायटी उदयपुर के सहयोग से सिनियर सैकण्डरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरूआत की गयी। 23 मई से 22 जून तक आयोजित होने वाले इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 200 से अधिक बच्चें 10 वीं कक्षा एवं 49 बच्चें 12वीं कक्षा के भाग ले रहे है। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा जावर, दरीबा, देबारी चित्तौडगढ़, आगूचा, और कायड में इसी प्रकार के आयोजित 14 शिविरों में 800 से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे है। 6 वर्ष पूर्व प्रायोगिक तौर पर शुरू किये गये इस आवासीय शिविर की सफलता उनकी बढ़ती हुई संख्या से सिद्ध होती है। परिणामों को बेहतर बनाने और शिक्षा की पद्धति इस कार्यक्रम और शिविरों की अद्वितीय खासीयत है। ये शिविर हिन्दुस्तान जिंक के साथ मिलकर ऐसा शैक्षणिक प्रयोग है जिससे संस्था और बच्चों का नाम रोशन हो। आवासीय शिविरों में यह प्रयास किया जा रहा है कि किस प्रकार शिक्षा को प्रासंगिक किया जा सके जिससे बच्चों को अधिकाधिक लाभ मिलें। हिन्दुस्तान जिंक सदैव आगे बढ़कर ग्रामीण बच्चों के संपूर्ण विकास के लिये आगे आता रहा है शिक्षा संबंल कार्यक्रम के तहत् अध्यापन में अभाव महसूस कर रहे बच्चों के लिये 13 वर्षो से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रीष्मकलीन प्रशिक्षण शिविरों में शिक्षण के साथ ही कौशल विकास, व्यवहार तथा अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चों में व्यक्तिगत और शिक्षात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है।

## न्युवोको विस्टास ने चौथी तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा की

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी, ने 31 मार्च को वर्षांत और तिमाही के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। न्युवोको विस्टास, क्षमता के मामले में, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट समूह और 23 एमटीपीए से अधिक की संयुक्त संस्थापित क्षमता है। कंपनी के लिए समेकित सीमेंट बिक्री की मात्रा चौथी तिमाही वित्त वर्ष में बेहतर हुई है। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से समेकित राजस्व में 35 प्रति. फवफ से 2930 करोड़ रुपये तक सुधार हुआ। 31 मार्च को वर्षांत के लिए आपरेशंस से समेकित राजस्व में 24 प्रतिशत से 9318 करोड़ रुपये तक सुधार हुआ। वित्त वर्ष 22 के दौरान समेकित और प्रॉफिट आफ्टर टैक्स क्रमशः 1539 करोड़ रुपये और 32 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का समेकित शुद्ध ऋण चौथी तिमाही वित्त वर्ष 22 में 431 करोड़ रुपये व वित्त वर्ष 2022 में 1666 करोड़ रुपये घटकर 5064 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी मुख्य रूप से वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ाने, ब्लेंडेड सीमेंट की स्वस्थ हिस्सेदारी और कुशल वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने और इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स के लिए अधिकतम वैल्यू क्रिएशन करने पर ध्यान केंद्रित करके अपने सस्टेनबल प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के चित्तौड़ सीमेंट प्लांट ने चौथी तिमाही में 23 प्रति. तक की वैकल्पिक ईंधन दर क्षमता स्थापित की, जो सर्कुलर इकोनॉमी में इसके योगदान को आगे बढ़ाती है। जैसा कि भारत के दीर्घकालिक विकास की संभावनाएं बरकरार हैं, कंपनी एक सुरक्षित, स्मार्ट और संस्टेनबल दुनिया बनाने के लिए तैयार है। वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णस्वामी ने कहा, वित्त वर्ष 22 एक असाधारण चुनौतीपूर्ण वर्ष था।

**कृति टेक्नोलॉजीज की ओर से यूईएम जयपुर में...**

## भारत की प्रथम JS लैब स्थापित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं/जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर ने रिएक्ट छ्स् लैब लॉन्च करने के लिए कृति टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग किया है, जो अपने छात्रों को तैयार करने के लिए एक अपस्किलिंग प्रोग्राम है। वर्तमान आईटी परिदृश्य में अग्रणी तकनीकों में से एक, Reactjs शिक्षण केंद्र कौशल अंतराल की बाधाओं को तोड़ने व उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में प्रासंगिक बने रहने में मदद करेगा। आज यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर और कृति टेक्नोलॉजीज कोलकाता ने रिएक्ट लैब के नवीनतम सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म पर छात्रों के मुफ्त प्रशिक्षण और यूईएम जयपुर के सभी योग्य छात्रों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

कृति टेक्नोलॉजीज, कोलकाता के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष साहू ने बताया कि उनकी कंपनी देश के अग्रणी सॉफ्टवेयर समाधान प्रदाताओं में से एक है और यह नई और उभरती प्रौद्योगिकियों पर दुनिया भर से कई परियोजनाओं के साथ काम कर रही है। वर्तमान में कृति टेक्नोलॉजीज, यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर के इंजीनियरिंग छात्रों को ऑफ़लाइन मोड में रिएक्ट के नवीनतम संस्करण में विशेष मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेगी। बीटेक, एमटेक, बीसीए आदि के छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए अनुभवी प्रशिक्षक यूईएम जयपुर परिसर में आएंगे। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद छात्रों को कंपनी में पक्की नौकरी की पेशकश की जाएगी। इसलिए यह कार्यक्रम संस्थान या छात्र के लिए बिना किसी लागत के गारंटीकृत नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। साहू ने बताया कि कृति टेक्नोलॉजीज पिछले कई वर्षों से यूईएम जयपुर के साथ प्लेसमेंट और आवश्यकता पडने पर सर्वोत्तम सहायता प्रदान करने के लिए जुड़ी हुई है।

यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजय चटर्जी ने कृति टेक्नोलॉजीज के साथ इस समझौता ज्ञापन का स्वागत किया और बताया कि यूईएम जयपुर के छात्र हमेशा नौकरी उन्मुख कौशल आधारित प्रशिक्षण के लिए तैयार हैं और रिएक्ट पर यह विशेष प्रशिक्षण निश्चित रूप से सभी छात्रों को बेहतर बढ़त प्रदान करेगा। वर्तमान अत्यधिक प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में। प्रशिक्षण का पहला बैच जुलाई 2022 के पहले सप्ताह से शुरू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल की पहल के तहत पूरे उत्तर पश्चिम भारत में विश्वविद्यालय को दूसरा स्थान मिला है। नवाचार उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग (एआरआईआईए) द्वारा यूईएम जयपुर भी सबसे होनहार विवि. श्रेणी के अंतर्गत है।

प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर ने बताया कि विश्वविद्यालय के पास एक बहुत मजबूत संस्थान उद्योग सहयोग है। जहां 400 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट, प्रशिक्षण और इंटर्नशिप उद्देश्यों के लिए परिसर में आ रही हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि कृति टेक्नोलॉजीज यूईएम जयपुर के छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट नियोक्ता रही है और वहां काम करने वाले सभी छात्र कंपनी की संस्कृति और काम के माहौल से पूरी तरह संतुष्ट हैं। यह समझौता ज्ञापन निश्चित रूप से सभी छात्रों को एक बेहतर सीखने और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा जिससे वे और अधिक तैयार और रोजगार योग्य बनेंगे। उन्होंने मनीष साहू और उनकी टीम को एक सहायक निर्णय लेने के लिए बधाई दी और आभार व्यक्त किया और इस एमओयू को

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित**

## पाली के गिरिराज सिंह संगठन मंत्री बने, मुख्यमंत्री ने दिलाई शपथ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पाली।** राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का अध्यक्ष कपिल देव ने गठन किया। कार्यकारिणी में पाली जिले के ठाकुरला गांव के गिरिराज सिंह राठौड़ को संघ में संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है। 23 मई को जयपुर के शासन सचिवालय में समारोह हुआ। जिसमें मनोनीत सदस्यों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पद के दायित्व व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह की अध्यक्षता मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सचिवालय परिसर में 1100 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाने एवं सचिवालय कार्मिकों के भवनों में कुलिंग सिस्टम को अपडेट करवाने जाने की घोषणा राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कपिल देव के आग्रह पर की। कार्यक्रम में राजस्थान सचिवालय के विभिन्न संघों के अध्यक्ष, राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान सरकार के उच्च अधिकारी तथा सचिवालय सेवा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

#### कार्यकारणी में मिली जगह

राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कपिल देव ने बताया कि वीरेन्द्रप्रताप सिंह राणावत, पंकज कुमार सौकरिया, शिवशंकर शर्मा, हेमंत सैनी, अनिल मीणा, लोकेश साहू, गजेन्द्र सैनी, गोपाल मीणा, सुनील वर्मा को विरष्ठ उपाध्यक्ष, दिशे कुमार, रंजनी, ललित कुमार, कैलाश मीणा, गजेसिंह चारण, नीतू टांक, रीना पिंगोलिया, मनोज मीणा, पवन कांसोटिया, विष्णुदत्त शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, विकास चौधरी, प्रकाश सैनी को उपाध्यक्ष, कपिल वर्मा को महामंत्री, विनोद धाकड़ को संयुक्त महामंत्री एवं प्रवक्ता, हेमपाल गुर्जर, रोशन मीणा, अशिवनी कुमार को संयुक्त महामंत्री, रामावतार मीणा, मनोज पंवार, कमलेश मीणा, किरण शर्मा, गुलाब कंवर, मनराज मीणा, नरेश मीणा, सुशील वर्मा, बंटी गोचर, महादेव पोसवाल, विजेन्द्रसिंह, भोमसिंह यादव, बाबूलाल वर्मा, शैलेश कुमावत, प्रदीपसिंह राठौड़ को मंत्री, कविता मीणा, अशोक गुर्जर, श्रीकांत कुमावत, वेदप्रकाश, निर्मल सैनी, मोहम्मद उस्मान, राहुल मीणा, विक्की कुलदीप को संयुक्त मंत्री, अंजली गुप्ता को सांस्कृतिक मंत्री, निशा महावर को महिला कल्याण मंत्री, पिंकेश वर्मा को खाद्य मंत्री, गिरिराज सिंह को संगठन मंत्री, विजयपाल को आवासन मंत्री गोपाल प्रसाद को प्रचार मंत्री, शिवानंद चावला को स्वास्थ्य मंत्री, देवव्रत मीणा को खेल मंत्री, युवराज सिंह को परिवहन मंत्री, विकास कुमार को कार्यालय मंत्री मनोनीत किया गया।

**उदयपुरवाटी में घूम चक्कर तिराहे पर जाम**

# पथ बदलाव से बदल सकती है यातायात व्यवस्था

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुरवाटी।** घूम चक्कर तिराहे से हर रोज सीकर-दिल्ली-हरिद्वार, झुंझुनूं-गुढा-जयपुर, सीकर-खेतड़ी, जयपुर-पिलानी, दिल्ली-जोधपुर और अजमेर, सीकर-अलवर, सीकर-कोटपूतली, सीकर-नीमकाथाना, उदयपुरवाटी-खंडेला-श्रीमाधोपुर तक की सैकड़ों रोडवेज बसों और अन्य निजी ग्रामीण बसों का और अन्य वाहनों का आवागमन होता रहता है। इससे घूमचक्कर के तिराहे पर कई बार जाम के हालात हो जाते हैं। बरसों से कई विधायक, मंत्री और नगरपालिकाध्यक्ष बदलते रहे, अपना कार्यकाल पूरा कर गये किंतु कस्बे की इन समस्याओं का समाधान आज तक नहीं ढूंढ पाए । लोगों ने बताया कि खटिकान कुआं के पास के नाला अवरूद्ध हो जाने से घूमचक्कर से बस स्टेण्ड तक रोड पर बार-बार गंदा पानी भारी मात्रा में फैल जाता है, बरसात के मौसम में इस रोड पर तीन-चार फुट से अधिक पानी कई घंटों तक बहता रहता है। इस रोड का लेवल सही करवा कर और घूमचक्कर के पास झुंझुनूं रोड पर बाएं ओर नांगल नदी तक बहने वाले खुले नाले पर लंबा-चौड़ा पुल बना कर झुंझुनूं रूट की बसों को उस पर खड़ा कर और भविष्य में उसका विस्तार कर उदयपुरवाटी रोडवेज डिपो बनाया जा सकता है। झुंझुनूं -जयपुर रूट की सभी बसें, नीमकाथाना रूट की ओर जाने वाली लोकल बसों और नवलगढ से उदयपुरवाटी की ओर आने वाली निजी बसों के पथ में बदलाव कर खटिकान कुए से पशु चिकित्सालय के पास से गुजारते हुए बस स्टेण्ड तक ले जाने से घूमचक्कर पर बढते यातायात दबाव में काफी कमी जा सकती है इससे बसों के ईंधन की बचत के साथ श्रम और समय की भी बचत की जा सकती है।

वर्तमान में बस स्टेण्ड से जयपुर रूट की रोडवेज बसें, नवलगढ आदि की निजी बसें ही गुजरती है । इन बसों का पथ घूम चक्कर, पुलिस थाना, मदीना मस्जिद की तंग गली है जिसमें बस घुस जाने के बाद किधर से भी एक दुपहिया वाहन भी नहीं निकल सकता है। मुख्य बाजार के चौराहे पर बस को मोड़ते वक्त बस चालक को भारी सावधानी रखनी पड़ती है । उधर बस के घुमाते वक्त बाजार के इस चौराहे पर जाम लग जाता है । बस सीधी होने पर ही बस स्टेण्ड तक पहुंचती है। जबकि नाला से बस स्टेण्ड का रास्ता सहज और सीधा है। पालिका प्रशासन और राज्य सरकार इस योजना पर ध्यान दे कर इसे क्रियान्वित करें तो उदयपुरवाटी की जनता को ये फायदे होते हैं। पहला घूमचक्कर पर 40 फिसदी से अधिक बसों के दबाव व शोरगुल में कमी, दूसरा नीमकाथाना रूट की लोकल बसों के बस स्टेण्ड पर ठहराव की मांग की स्वतः पूर्ति हो जाना, तीसरा खटिकान कुएं के पास और इस रोड कई फुट घंटों जमा होने वाले बरसाती

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

भाजपा-कांग्रेस में जोड़तोड़ तेज, मुख्यमंत्री से मिले निर्दलीय विधायक

# राज्यसभा चुनाव 10 जून को, नामांकन शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में चार राज्यसभा सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 30 तक नामांकन लिए जाएंगे। उधर, भाजपा-कांग्रेस में उम्मीदवार चयन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश की 4 राज्यसभा सीटों के लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं दूसरी और प्रदेश के दोनों प्रमुख दल कांग्रेस-भाजपा में उम्मीदवार चयन को लेकर मशक्कत चल रही है। दोनों ही दलों में दावेदारों की फिलहाल संख्या काफी है।

राज्यसभा की चार सीटों के लिए मतदान 10 जून को होगा। इन 4 सीटों में से 2 पर कांग्रेस और 1 पर भाजपा की जीत लगभग तय है। लेकिन 1 सीट को लेकर दोनों ही दलों के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है। यही वजह है कि विधायकों को खरीद-फरोख्त से बचाने को लेकर बाड़ाबंदी में लिया जा सकता है। कांग्रेस की 1 व 2 जून को बड़ी बैठक होने जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद विधायकों को होटल में रखा जा सकता है। हालांकि अभी कांग्रेस-भाजपा नेता बाड़ाबंदी को लेकर यही कह रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो बाड़ाबंदी भी की जाएगी।



### जीत के लिए वोट गणित

**भारत** निवार्चन आयोग के अधिकारियों के मुताबिक कांग्रेस अगर 3 प्रत्याशी खड़ा करती है तो उन्हें जीत दिलाने के लिए 41-41-41 के हिसाब से पहली वरीयता के 123 वोट चाहिए। वहीं भाजपा 2 प्रत्याशी मैदान में उतारती है तो उन्हें जीतने के लिए पहली वरियता के 41-41 के हिसाब से 82 वोट की जरूरत होगी। वोट गणित के हिसाब से देंखे तो कांग्रेस के पास 108 विधायक हैं। वहीं भाजपा के पास 71 विधायक हैं। इनके अलावा 13 निर्दलीय, 1 आरएलडी, 2 बीटीपी, 3 आरएलपी, 2 माकपा विधायक हैं। आरएलडी सरकार में शामिल है। कांग्रेस में सियासी घमासान के दौरान निर्दलीय, बीटीपी और माकपा विधायकों ने साथ दिया था। ऐसे में कांग्रेस अपनी स्थिति मजबूत मानकर चल रही है। आरएलपी ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं, वहीं बीटीपी विधायक सरकार से नाराजगी जाहिर कर अपना समर्थन वापस ले चुके हैं।

### पहले कांग्रेस को नाराजगी करनी होगी दूर

प्रदेश कांग्रेस में पिछले कई दिनों से कुछ विधायक अपने बयानों के जरिए नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। इनमें कई विधायक मंत्री पद नहीं मिलने, अनदेखी होने या फिर अपने खिलाफ पुलिस कार्यवाही से नाराज चल रहे हैं। ऐसे में चुनाव से पहले कांग्रेस को अपने दर्जनभर विधायकों को साधना होगा। इनमें विधयाक व युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा, भरत सिंह कुंदनपुर, रामनारायण मीणा, दयाराम परमार, खिलाड़ी लाल बैरवा, वाजिब अली, संदीप यादव, अमीन खान, गिर्राज सिंह मलिंगा, बाबूलाल बैरवा सहित अन्य कुछ नाम हैं।

क्योंकि चौथी सीट कांग्रेस-भाजपा में से कोई भी दल निर्दलीय, बीटीपी, आरएलपी और माकपा विधायकों से समर्थन लिए बगैर नहीं जीत सकता। वैसे वोटों के हिसाब से चौथी सीट के लिए कांग्रेस मजबूत स्थिति में दिख रही है, लेकिन भाजपा भी इस सीट को छोड़ने के मूड में कतई नहीं है।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

टेंडर और खरीद-फरोख्त में 1% कमीशन का आरोप था

# पंजाब सरकार के हेल्थ मिनिस्टर गिरफ्तार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. विजय सिंगला को कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया गया है। विजय सिंगला स्वास्थ्य विभाग में हर काम और टेंडर के बदले 1 प्रतिशत कमीशन मांग रहे थे। इसकी शिकायत सीएम भगवंत मान तक पहुंची थी। उन्होंने गुपचुप तरीके से इसकी जांच कराई। अफसरों से पूछताछ की, फिर मंत्री सिंगला को तलब किया गया। मंत्री ने गलती मान ली, इसके बाद उन्हें बर्खास्त किया गया। इसके बाद मंत्री के खिलाफ केस दर्ज कर पंजाब पुलिस के एंटी करप्शन विंग ने सिंगला को गिरफ्तार कर लिया है। सिंगला को अब मोहाली के फेज 8 पुलिस थाने में रखा गया है। जहां सिंगला से विजिलेंस के सीनियर अफसर पूछताछ कर रहे हैं। वहीं सिंगला की आम आदमी पार्टी से भी छुट्टी करने की तैयारी है।



### सीएम के स्टिंग में फंसे मंत्री सिंगला

**पंजाब** पुलिस के विजिलेंस विंग ने मंत्री सिंगला के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके मुताबिक मंत्री और उनके करीबियों ने टेंडर में 1 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। अफसर ने इसकी शिकायत सीएम भगवंत मान को की। 14 मई को सीएम मान के पास इसके बारे में जानकारी पहुंची। इसके बाद मान ने अफसर को भरोसे में लिया। कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग करवाई गई। जिसमें मंत्री और उनके करीबियों की कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग हो गई। जिसके बाद मंत्री को बुलाकर मान ने उनके सामने यह सबूत रख दिए और मंत्री ने गलती कबूल कर ली।

### शुक्राना के नाम पर मांगा था कमीशन

**मंत्री** सिंगला ने टेंडर के बदले शुक्राना के नाम पर कमीशन मांगा था। बठिंडा के ठेकेदार से यह शुक्राना मांगा गया था। जिसमें मंत्री सिंगला का करीबी रिश्तेदार भी शामिल है। पंजाब पुलिस के विजिलेंस ब्यूरो ने अब इस मामले में सिंगला के साथ कमीशनखोरी में शामिल रिश्तेदारों और करीबियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। विजिलेंस सिंगला के सवा 2 महीने के कार्यकाल में अब सारे प्रोजेक्टों की लिस्ट तैयार

# म्यूच्युअल फंड में तो मेरे भी पैसे डूब गए-गहलोत

NPS की कटौती का पैसा रिटायरमेंट पर ब्याज सहित मिलेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि न्यू पेंशन स्कीम के तहत



कर्मचारियों का काटा हुआ पैसा उनके रिटायरमेंट पर ब्याज सहित लौटाया जाएगा। एनपीएस कटौती का पैसा पीएफआरडीए में जमा कियसा हुआ है। जब हमने ओल्ड पेंशन लागू की तब विधानसभा में विपक्ष के लोगों ने सवाल उठाया था कि कर्मचारियों का पीएफआरडीए में जमा पैसा वापस ले पाएंगे या नहीं। केंद्र सरकार जिस तरह का रवैया अपना रहा है, पीआफआरडीए में जमा पैसा अटका रहा है। विपक्ष के नेताओं की जो शंका थी, उसे असेंबली में क्लीयर कर दिया था कि कर्मचारियों को पैसा वापस मिलेगा। चिंता की कोई बात नहीं है। आज मैं फिर साफ कर रहा हूं कि केंद्र चाहे कितने ही रोड़े अटकाए, हम अपना फैसला बदलेंगे नहीं। कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर ब्याज सहित पूरा पैसा वापस मिलेगा। गहलोत सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन लागू का फैसला हमने चुनाव जीतने के लिए नहीं किया, यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। यह फैसला संवेदनशीलता और मानवीय आधार पर किया हुआ फैसला है। हम जवाबदेह, संवेदनशील प्रशासन का नारा देते आए हैं, इसलिए मेरा फर्ज था कि संवेदनशीलता से कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर ओल्ड पेंशन का फैसला हो। उसीके कारण यह फैसला हुआ।

### म्यूच्यूअल फंड में डूब गए थे पैसे

गहलोत ने कहा- जब ओल्ड पेंशन लागू करने की घोषणा हुई तो किसी को विश्वास नहीं हुआ था। मानवीय दृष्टिकोण से यह फैसला किया। पता नहीं उस समय की सरकार को किसने सलाह दी। न्यू पेंशन स्कीम का पैसा शेयर बाजार, म्यूच्यूअल फंड में जमा हो रहा था।

शेयर

कांग्रेस के नेशनल प्लान में प्रियंका की एंट्री

# 2024 के लिए टास्क फोर्स बनाई



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसके लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। साथ ही 8 सदस्यीय पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी भी बनाई है। कांग्रेस की PAC में सांसद राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, गुलाम नबी आजाद, अम्बिका सोनी, दिग्विजय सिंह, आनन्द शर्मा, केसी वेणुगोपाल, जितेंद्र सिंह जैसे दिग्गज नेताओं को शामिल किया गया है। अगर 2024 चुनाव के लिए बनाए गए टास्क फोर्स के सदस्यों पर नजर डालें तो इसमें पी चिदम्बरम, मुकुल वासनिक, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, प्रियंका गांधी, रणदीप सुरजेवाला, सुनील कनगोलु का नाम है।

### कांग्रेस को मजबूत करना मकसद

सेंट्रल प्लानिंग ग्रुप फॉर भारत जोड़ो यात्रा में कई बड़ें चेहरों को शामिल किया गया है। इसमें दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट, शशि थरूर, रंवीत सिंह बिट्टू, केजे जॉर्ज, जोथी मानी, प्रद्युत

भारत जागो यात्रा ग्रुप मेंबर भी मनोनीत

# पायलट कांग्रेस सेंट्रल प्लानिंग ग्रुप के मेंबर बने

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उदयपुर में हुए कांग्रेस चिंतन शिविर के फैसलों को अब पार्टी ने लागू करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने केंद्रीय स्तर पर पॉलिटिकल अफेयर्स ग्रुप, 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए टास्क फोर्स और भारत जागो यात्रा के लिए सेंट्रल प्लानिंग ग्रुप बनाया है। दो ग्रुप और एक टास्क फोर्स में राजस्थान के केवल दो नेताओं- सचिन पायलट और जितेंद्र सिंह को जगह मिली है। जितेंद्र सिंह को कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स ग्रुप में मेंबर के तौर पर शामिल किया है जबकि सचिन पायलट को भारत जागो यात्रा की सेंट्रल प्लानिंग ग्रुप में मेंबर बनाया है। भारत जागो यात्रा के कॉर्डिनेशन के लिए बने प्लानिंग ग्रुप में 9 नेता शामिल हैं जिसमें सचिन पायलट के अलावा दिग्विजय सिंह शशि थरूर,रणजीत सिंह बिट्टू,केजे जॉर्ज, जोथि मणी, प्रद्यूत, बारदोलोई, जीतू पटवारी और सलीम अहमद मेंबर हैं।

### चिंतन शिविर में हुआ था भारत जागो यात्रा निकालने का फैसला

उदयपुर के चिंतन शिविर में भारत जागो यात्रा निकालने का फैसला हुआ था। यह यात्रा पूरे देश में निकाली जाएगी। भारत जागो यात्रा का मकसद बीजेपी के सियासी नरेटिव से मुकाबले के लिए है।

लगातार बारिश के बीच ऑरेंज अलर्ट जारी

# केदारनाथ यात्रा पर लगी रोक, प्रशासन ने कहा - 'जो जहां है वहीं रहे'

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** सोमवार सुबह से हो रही लगातार बारिश और तेज बारिश की चेतावनी के चलते केदारनाथ यात्रा को अस्थायी तौर पर रोकना पड़ा है। मौसम विभाग की ओर से बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने मंगलवार तक बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए यात्रियों से जहां पर हैं, वहीं रहने की अपील करते हुए सतर्कता बरतने को कहा है। साल 2013 में आई केदारनाथ आपदा के बाद से सरकार इस क्षेत्र को लेकर विशेष अलर्ट पर रहती है। रुद्रप्रयाग के सर्किल ऑफिसर प्रमोद कुमार ने बताया, ऑरेंज अलर्ट और सोमवार सुबह से हो रही बारिश के बाद हमने पैदल यात्रियों को रोक दिया है और उनसे होटल वापस लौने का आग्रह किया है। श्रद्धालुओं से कहा गया है कि वे फिलहाल मंदिर न जाएं और सुरक्षित रहें। सोमवार को केदारनाथ यात्रा सिर्फ एक घंटे ही चली। धाम पहुंचे श्रद्धालु दिनभर आराध्य के दर्शन करते रहे, लेकिन जिला मुख्यालय से गौरीकुंड तक जगह-जगह हजारों यात्री रोके गए। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को मंदिर नहीं जाने और अपने होटल लौटने की सलाह दी गई है।






संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### डॉ. सेठिया ने भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष से की मुलाकात

## राज्यसभा चुनावो के लिए प्रस्तुत की दावेदारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. आई एम सेठिया ने राज्यसभा चुनावो में उम्मीदवारी को लेकर राजस्थान दौरे पर आए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित राज्य व केंद्र के प्रमुख नेताओं से मुलाकात कर राज्यसभा के लिए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की। डॉ. सेठिया ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन ने सदेव अपने कार्यकर्ता की चिता की हे व इस बार के राज्यसभा चुनावो में भी निश्चित तौर परसमर्पण व योग्यता के अनुसार अवसर दिया जायेगा। सेठिया के अनुसार वर्ष 2009,2014 व 2019 में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र, मार्च 2018 में राज्यसभा व 1990 व 1993 में चित्तौड़गढ़ विधान सभा से प्रबल दावेदारी के बाद भी अवसर नही दिया गया।उन्होंने सभी नेताओ को अवगत कराया की उनको अवसर देने पर संघ व भाजपा संगठन के साथ साथ सहकारी व बैंकिंग क्षेत्र, आर्थिक व वित्तीय, व्यवसायिक व ओद्योगिक क्षेत्र, समग्र जैन समाज के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व हो सकेगा। सेठिया मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह प्रभारी अरुण सिंह सहित अन्य केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर राजस्थान से राज्यसभा चुनावो में स्वयं की उम्मीदवारी को लेकर चर्चा करेंगे।

### ज़िला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक 27 को

**चित्तौड़गड़ @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन 27 मई, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे जिला कलक्ट्रेट के समिति कक्ष किया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित होने वाली बैठक में किशोर न्याय अधिनियम 2015 व पोक्सो कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, बच्चों के संरक्षण व पुनर्वास, एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान की संयुक्त कार्य योजना तथा बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### नर्सेज संघर्ष समिति ने की चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय मलोत्रा से मुलाकात



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति ने अध्यक्ष सोमसिंह मीणा के नेतृत्व में सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर में कार्यरत लगभग 200 नर्सेज का 2, वर्ष का परिवीक्षा काल पूर्ण होने के उपरांत फिक्सेशन प्रोसेस हेतु समस्या को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय मलोत्रा से मुलाकात की साथ ही अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेंद्र बागड़ी डॉ प्रदीप शर्मा डॉ मनोज शर्मा को भी समस्या से अवगत करवाया जिसमें नर्सिंग भर्ती 2018 में नियुक्ति नर्सेज की एस्थायीकरण प्रोसेस हेतु सर्विस बुक संबधित कार्य मातृत्व एवम पितृत्व अवकाश अन्य नर्सेज की समस्या का समय पर निस्तारण किए जाए अध्यक्ष सोमसिंह मीणा ने बताया की नर्सेज के ज्वाइनिंग के लगभग 2 वर्ष गुजर जाने के बाद भी नर्सेज की सर्विस बुक अपूर्ण है पिछले वर्षो के नर्सेज के मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश स्वीकृत नही हुए जिसके कारण नर्सेज को परेसानियो का सामना करना पड रहा है। चिकित्सा अधीक्षक ने सकारात्मक जवाब देते हुए जल्द ही नर्सेज की समस्या समाधान को आश्वस्त किया । आज की मुलाकात में महिपाल समोता। मुस्तफा अंकुश अरोरा शादाव आलम हरीकिशन कुलदीप सिंह लीलम सिंह भगवती चौधरी हमीरा राम प्रणब मुदगल सीता कुम्हार ममता शर्मा मनीष शर्मा अन्य नर्सेज मौजूद रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले का नाम बदलने के विरोध: पथराव में 20 पुलिसकर्मी घायल**

# भीड़ ने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर और विधायक का घर फूंका

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को अमालापुरम में हिंसा भड़क गई। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और वाहनों को आग लगी दी। अमालापुरम शहर में उग्र भीड़ ने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पी विश्वरूपा और मुम्मिडीवरम के विधायक पी.सतीश के घर फूंक डाले। पुलिस ने मंत्री और उनके परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस के एक वाहन और एक बस में भी आग लगा दी गई है। करीब 20 पुलिसकर्मी पथराव में घायल हुए हैं।

### क्या है मामला

दरअसल, आंध्र प्रदेश सरकार ने 4 अप्रैल को पूर्वी गोदावरी जिले से अलग कोनासीमा जिले का गठन किया था। पिछले दिनों इस जिले का नाम बदलकर बीआर अंबेडकर के नाम पर रख दिया। इसका विरोध शुरू हो गया। कोनासीमा साधना समिति ने नाम बदलने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए जिले का नाम कोनासीमा ही रहने देने की मांग की थी। समिति ने मंगलवार को डीएम हिमांशु शुक्ला को जिले का नाम बदलने का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान समिति के सैकड़ों लोगों ने अमलापुरम शहर के मुम्मिडीवरम गेट, घंटाघर और अन्य स्थानों पर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कुछ युवक भाग निकले, जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। भीड़ ने पुलिस पर जमकर पत्थरबाजी की। जवाब में पुलिस ने भी लाठी चार्ज किया। जिसके बाद हिंसा भड़क उठी।

### गृहमंत्री बोलीं-दोषियों को बख्शेंगे नहीं

जिले में भड़की हिंसा के मामले में राज्य की गृहमंत्री तानेती वनिता ने राजनीतिक पार्टियों पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियों और असामाजिक तत्वों ने मिलकर हिंसा को भड़काया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि घटना में करीब 20 पुलिस कर्मियों को चोट आई हैं। गृहमंत्री ने कहा कि हम इस मामले की जांच करेंगे और जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे।

### रेड्डी ने 13 नए जिले बनाने का किया था वादा

जगन मोहन रेड्डी सरकार ने 2019 के विधानसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में नए जिले बनाने का वादा किया था। 2 अप्रैल की रात राज्य सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर 13 नए राज्यों के गठन की आधिकारिक घोषणा कर दी। इसके बाद 4 अप्रैल को ये राज्य अस्तित्व में आए गए। राज्य में अब कुल जिलों की संख्या 13 से बढ़कर 26 हो गई थी।

**रेलवे ने किया बदलाव**

# अधूरे प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करने को तैनात होंगे सीपीएम

### प्रदेश के 8 प्रोजेक्ट्स को भी मिलेगी गति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रेलवे बोर्ड ने राजस्थान सहित देशभर में चल रहे करीब 100 प्रोजेक्ट्स को जल्दी पूरा करने के लिए एक नया बदलाव किया है। अब जोनल रेलवेज में नई लाइन, आमान परिवर्तन (जीसी), दोहरीकरण जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करने के लिए मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) तैनात किए जाएंगे। ये सभी विभिन्न तकनीकी सेवाओं के एसएजी ग्रेड के अधिकारी होंगे, जो स्थानीय रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ (सीएओ-सी) को समय-समय पर प्रोजेक्ट्स से जुड़ी जानकारियां देंगे। राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर मंडलों में यात्री सुविधाओं से जुड़े फिलहाल 8 बड़े प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। हालांकि सीपीएम किस प्रोजेक्ट में तैनात किया जाएगा, ये सीएओ-सी ही निर्णय लेंगे।

अभी उत्तर पश्चिम रेलवे में दौसा-गंगापुर सिटी (92 किमी), डीडवाना-पिपलाई (34.47 किमी) नई लाइन, गुढ़ा-मिथरी (59 किमी) डेडिकेटेड आरडीएसओ टेस्ट ट्रैक, खारवा-चंदा जैसलमेर आमान परिवर्तन (36.99 किमी), फुलेरा-डेगाना (108.75 किमी), कुचामन सिटी-नावा सिटी (16 किमी), नावा सिटी-फुलेरा (35 किमी), डेगाना-राई का बाग (145 किमी), खारिया खंगार-पीपार रोड (31 किमी), पीपार रोड़-राई का बाग (46 किमी) डबलिंग प्रोजेक्ट लंबे समय से चल रहे हैं। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी रेलवे बोर्ड ने सिर्फ निर्देश दिए हैं, लेकिन इस संबंध में आगे क्या किया जाएगा, इसकी अभी योजना नहीं बनाई गई है। करीब 10 दिन पहले रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेंबर (वर्क्स) बृजेश कुमार ने इस संबंध में तत्काल प्रभाव से जोनल रेलवेज को इसे लागू करने के निर्देश दिए थे।

### 2016-17 में राजस्थान में 3 नई लाइनों की घोषणा कर भूला रेलवे

केंद्र सरकार ने राजस्थान में नई रेललाइन, दोहरीकरण और आमान परिवर्तन (छोटी से बड़ी लाइन) के लिए पिछले 25 सालों में कई छोटी-बड़ी घोषणाएं की। जिनमें से कुछ को मंजूरी तो कुछ को बजट भी दिया। लेकिन इतने सालों बाद भी राजस्थान से जुड़े 5 रेलवे प्रोजेक्ट केंद्र और राज्य सरकार की फाइलों में ही पूरे किए जा रहे हैं। यानि वास्तविकता के धरातल पर इनका कोई अस्तित्व नहीं है। क्योंकि ये आज तक पूरे नहीं किए जा सके हैं। वर्ष 2016-17 के बजट में तीन नई रेल लाइन

## पहली बार यात्रियों के लिए पटरी पर दौड़ेगी ब्रॉडगेज ट्रेन

**बड़ीसादड़ी @ जागरूक जनता।** मावली-बड़ीसादड़ी रेलखंड के आमान परिवर्तन कार्य पूर्ण होने व विभागीय सीआरएस होने के बाद उदयपुर से बड़ीसादड़ी तक यात्री गाड़ी चला रेल मार्ग पर संचालन का अंतिम ट्रायल कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से लाई गई यात्री गाड़ी के इंजन पर उत्तर पश्चिम रेलवे आबूरोड लिखा था। साथ ही द्वितीय श्रेणी लिखे तीन यात्री कोच आए जिनमें दर्जन भर विभागीय अधिकारी सवार थे। उन्होंने पूरे मार्ग में कई स्थानों पर गाड़ी रोककर पटरियों, पुल, अंडरपास, सिग्नल व रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्थापित की गई सुविधाओं, सुरक्षा संसाधनों, तकनीकी व्यवथाओं का निरीक्षण किया।

## 7 उपजिला हॉस्पिटल अब जिला अस्पताल बने

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के 7 जिलों के लिए मेडिकल हेल्थ सेक्टर से जुड़ी अच्छी खबर है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के मंत्री परसादी लाल मीणा ने इन 7 जिलों में बने उपजिला हॉस्पिटल को जिला हॉस्पिटल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ इनमें से 4 हॉस्पिटल में मौजूदा बैड की कैपेसिटी को बढ़ाया गया है। इन हॉस्पिटल में बैड कैपेसिटी बढ़ने के साथ ही यहां की स्थिति को देखते हुए 149 मेडिकल स्टाफ के अतिरिक्त पदों को भी स्वीकृत किया है। स्वास्थ्य भवन जयपुर में आज हुई एक बैठक में मंत्री परसादी लाल ने दौसा जिले के लालसोट, अलवर के बहरोड़, राजसमंद के नाथद्वारा, नागौर के डीडवाना, चूरू के रतनगढ़, झुंझुनूं के नवलगढ़ और चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेडा में बने उपजिला हॉस्पिटल को जिला हॉस्पिटल में क्रमोन्नत करने की स्वीकृति जारी की है। इस मंजूरी के साथ ही लालसोट, रतनगढ़ तथा निम्बोहडा के जिला हॉस्पिटल के लिए 50-50 बैड की और बहरोड़ हॉस्पिटल में 25 बैड की कैपेसिटी को बढ़ाया है। लालसोट, रतनगढ़, निम्बोहड़ा, नवलगढ़ तथा बहरोड़ जिला अस्पताल के लिए 149 अतिरिक्त पद स्वीकृत किए हैं साथ ही 3 मशीन विद मैन की सेवाएं लिए जाने की स्वीकृति भी जारी की है।

### इन पर अतिरिक्त भर्ती की स्वीकृति

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि इन क्रमोन्नत किए गए हॉस्पिटलों में नियमों के अनुरूप स्टॉफ लगाने के लिए 149 पदों पर अतिरिक्त भर्ती करने की सेंशन जारी की है। इसमें सीनियर स्पेशलिस्ट के 9, जूनियर स्पेशलिस्ट के 11, सीनियर मेडिकल ऑफिसर के 6, मेडिकल ऑफिसर के 15, डिप्टी कंट्रोलर के 5, नर्सिंग अधीक्षक के 2, नर्स ग्रेड फर्स्ट के 2 और ग्रेड सैकण्ड के 29, फार्मासिस्ट का 1, रेडियोग्राफर के 4, लैब टेक्निशियन के 7, ईसीजी टेक्निशियन के 5, फिजियोथेरेपिस्ट के 4, सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 2, जूनियर एकाउंटेंट के 4, जूनियर असिस्टेंट के 5, वार्ड ब्वाय के 23 तथा सफाई कर्मचारी के 15 अतिरिक्त पद स्वीकृत किए हैं।

## मसालों की खेती के लिए किसानों को मिलेगा 11 लाख का अनुदान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मसाला बगीचा स्थापना हेतु क्षेत्र विस्तार के लिए 11 लाख रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अनुदान राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष से ही 'मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना' के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में मसाला फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए लाई गई इस योजना में लाभान्वित होने वाले किसानों में न्यूनतम 50 प्रतिशत लघु एवं सीमांत किसानों को शामिल करने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 की कृषि बजट घोषणा संख्या 133 के तहत इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।




**जिला संकट स्थिति समूह की बैठक आयोजित**

# आपात स्थिति से निपटने के लिए रहे मुस्तैद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गड़।** जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशानुसार जिला संकट स्थिति समूह की बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट के समिति कक्ष में किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर गितेश मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आपात स्थिति के दौरान बचाव एवं राहत से संबंधित कार्य योजना, संकटकालीन उपायों व बचाव-राहत कार्य आदि की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी संबंधित संस्थाओं और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए हर तरह से मुस्तैद रहने और सभी प्रकार की तैयारियां चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स चित्तौड़गढ़ पवन कुमार गोयल ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में संस्थापित मेजर एक्सीडेंट हजार्डस (ÇĐ•) कारखानों में रासायनिक दुर्घटना से निपटने के लिए एम.ए.ए कारखाना प्रबंधकों से चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में चित्तौड़गढ़ जिले के ऑफ साइट इमरजेंसी प्लान अपडेट करवाने एवं ऑफसाइट मॉक ड्रिल करवाने पर चर्चा की गई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी अधिकारी चित्तौड़गढ़ एवं गंगरार, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न कारखानों के प्रबंधक एवं सेफ्टी ऑफिसर उपस्थित रहे।

**150 इलेक्ट्रिक बसों को केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी**

# दिल्ली में अब इलेक्ट्रिक बसें की आएंगी-केजरीवाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को 150 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर कहा कि राजधानी में अब सारी बसें इलेक्ट्रिक की आएंगी।


केजरीवाल ने आईपी डिपो से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि 26 मई तक सभी के लिए इलेक्ट्रिक बसों में सफर मुफ्त है। एक महीने बाद 150 इलेक्ट्रिक बसें और आ रही हैं और एक साल में दो हजार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर होंगी। इसके अलावा, 600 से 700 सीएनजी बसें भी आएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ जंग में यह बहुत बड़ी शुरूआत है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें आती जाएंगी, तो प्रदूषण भी कम होगा। इन बसों के लिए तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो का भी उद्घाटन किया गया। अब दिल्ली के बेडे में 7200 बसें हो गई हैं, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे बढ़ी वृद्धि हैं। हमारा मकसद आने वाले दिनों में दिल्ली के सारे बस बेड़े को इलेक्ट्रिक में बदलना है। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने इलेक्ट्रिक बस के साथ सेल्फी लेकर सेल्फी प्रतियोगिता की शुरूआत की और दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जब भी आप इन बसों में सफर करें, तो एक सेल्फी लेकर उसको #IrideEbus पर अवश्य पोस्ट कर दें। मुख्यमंत्री ने आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के सड़क पर उतरने से मैं भी खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की जनता भी खुश हैं। दिल्ली के लिए आज ऐतिहासिक दिन भी है।

सभी EV की खरीद पर होगी बचत, टैक्स से भी छुटकारा

# 2 लाख रुपए तक सस्ती हुई इलेक्ट्रिक गाड़ियां

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में REVP को मंजूर किया है। ऐसे वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए प्रपोज्ड वन टाइम कॉन्ट्रिब्यूशन और SGST रिफिलिंग के लिए 40 करोड़ रुपए के एडिशनल बजट प्रोविजन को भी स्वीकृति दी है। परिवहन विभाग और राज्य सरकार के मुताबिक इस पॉलिसी के लागू होने से प्रदेश में डीजल-पेट्रोल के वाहनों से होने वाले पॉल्यूशन में कमी आएगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर 5 से 10 हजार रुपए , थ्री-व्हीलर पर 10 से 20 हजार रुपए तक सब्सिडी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार लाइट मोटर व्हीकल- फोर-व्हीलर पर 50 हजार रुपए, बस पर 2 लाख रुपए तक सब्सिडी दी जाएगी।



### E-व्हीकल मोटर व्हीकल टैक्स के दायरे से बाहर

सीएम गहलोत ने साल 2019-20 के बजट में इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति लाने की घोषणा की थी। जिसके मुताबिक इन वाहनों के खरीदारों को SGST की रिफिलिंग करने, साथ ही वन टाइम सब्सिडी के तौर पर बैटरी कैपेसिटी के मुताबिक व्हीकल की खरीद पर यह सब्सिडी सरकार देगी। प्रदेश में ई-व्हीकल्स को मोटर व्हीकल टैक्स के दायरे से भी बाहर रखा गया है। नई नीति में ई-व्हीकल बेचने वालों को सभी तरह की रिफिलिंग 7 दिनों में करने का प्रोविजन किया गया है। ई-व्हीकल पॉलिसी के तहत सीमित संख्या में वाहनों को यह सब्सिडी दी जाएगी। पॉलिसी डॉक्यूमेंट को जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा।

### JVVNL है नोडल एजेंसी

इसके साथ ही प्रदेश की सोलर एनर्जी पॉलिसी में भी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देने पर फोकस किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी ने राजस्थान में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया है। इलेक्ट्रिक व्हीकल को चार्ज करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर की राज्य नोडल एजेन्सी जयपुर डिस्कॉम है।

## डिक्रिमिनेलाइजेशन कार्यवाही के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें विभाग- मुख्य सचिव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अनावश्यक आपराधिक प्रावधानों को हटाने की आवश्यकता को देखते हुए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभाग राज्य द्वारा प्रशासित सभी अधिनियमों और नियमों की व्यापक समीक्षा करें एवं आपराधिक दण्ड की पहचान कर अनावश्यक प्रावधानों को हटाने के लिए जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में राज्य में डिक्रिमिनेलाइजेशन संबंधी प्रावधानों पर विचार-विमर्श के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विभाग जिनमें डिक्रिमिनेलाइजेशन के संबंध में कार्यवाही की जानी है, वे सभी विभाग इस कार्य को टाइम बाउण्ड फ्रेम में पूरा करें।

पुरानी पेंशन योजना : विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल ने किया धन्यवाद ज्ञापित

# कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसी भी सरकार के शासन में उसके कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए कहा है कि ऐसे में कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व बनता है। गहलोत प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू किए जाने पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल ने उनका धन्यवाद ज्ञापित करने के अवसर पर आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 के बजट में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का फैसला मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिया गया है। जीवन के अहम वर्ष सरकार को देने वाले अधिकारी-कर्मचारी को अपने बुढ़ापे में किसी तरह की चिंता नहीं रहे और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिले, यहीं सोचकर ओपीएस को प्रदेश में लागू किया है।

उन्होंने राज्य के कर्मचारियों को यह आश्वासन दिया कि ओपीएस लागू करने के क्रम में केन्द्र से आने वाली बाधाओं का समाधान राज्य सरकार तत्परता से करेगी। गहलोत का मुख्यमंत्री निवास पर ओपीएस, मंत्रालयिक संवर्ग में 8400 पद सृजित करने, आरजीएचएस में अंशदान, कई बोर्ड निगमों में 7वें वेतन आयोग को लागू करने, मृत कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के पुराने मामलों का निस्तारण सहित कई कर्मचारी हितेषी फैसले लेने के लिए आरटीडीसी कर्मचारी संघ, राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, वाणिज्य कर कर्मचारी संघ, रोड़वेज कर्मचारी संघ सहित अन्य कर्मचारी संगठनों ने राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में आभार जताया। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान सरकार ने इस ऐतिहासिक फैसले से पूरे देश में मिसाल पेश की है। इससे प्रदेश के कर्मचारी वर्ग में उत्साह का माहौल है।

## जागरूक खबरें

### ■ मोदी का 26 मई को हैदराबाद, चेन्नई दौरा



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 मई को हैदराबाद का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति के मुताबिक मोदी वहां इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) हैदराबाद के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर करीब दो बजे होगा वह इस दौरान संस्थान के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे।

### ■ न्यायमूर्ति सबीना बनी हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सबीना को पदोन्नत कर इसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से एक बयान जारी कर मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति से संबंधित जानकारी दी गई। न्यायमूर्ति सबीना का कार्यकाल हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक के 25 मई 2022 को अवकाश ग्रहण करने के बाद प्रभावी होगा।

### ■ अजमेर रेलवे स्टेशन पर गुलकंद और गुलाबजल की बिक्री

**अजमेर @ जागरूक जनता।** अजमेर रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्रालय द्वारा घोषित एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत पुष्कर के विश्व विख्यात गुलकंद और गुलाब जल जैसे उत्पाद की बिक्री की जा रही है। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत अजमेर स्टेशन पर 15-15 दिनों के लिए उत्पाद विशेष की स्टॉल लगाई जा रही है जिसमें अजमेर आने वाले यात्री पुष्कर के प्रसिद्ध गुलकंद एवं गुलाब जल को खरीद रहे हैं।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की मुख्यमंत्री ने ली बैठक

# सभी जिलों में बनेगी लव-कुश वाटिकाएं



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में लव-कुश वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाटिकाओं में वन एवं वन्यजीवों से संबंधित ?से मॉडल स्थापित करें, जिनसे बच्चों को पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण की शिक्षा मिल सकें।

**वन्यजीवों से छेड़छाड की घटनाओं को रोकें**

मुख्यमंत्री ने सभी घोषणाओं को समय पर सुनियोजित तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वन क्षेत्र में वन्यजीवों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यारण्य घूमने आने वाले पर्यटकों को वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक भी करें। उन्होंने चूरू के तालछापर अभ्यारण्य में वन्यजीव प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति, चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य को पर्यटन दृष्टि से विकसित किए जाने, जोधपुर में 'पद्मश्री कैलाश सांखला स्मृति वन' को शुरू करने, फतेहपुर-सीकर में सिटी नेचर पार्क के निर्माण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि विभाग द्वारा बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वन विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधे वितरित करने की योजना बहुत अच्छी है, इनका दायरा बढ़ाने की आवश्यकता है। भविष्य में औषधीय के साथ फलदार पौधों का भी वितरण किया जाए। उन्होंने वन अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका कार्य चुनौतिपूर्ण और रोचक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वन्यजीवों का संरक्षण और वनों का विस्तार किया जाना सबसे जरूरी है। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के साथ बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करें। वन क्षेत्र विकसित करने, मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आमजन को सहभागी बनाएं। गहलोत ने कहा कि राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) में पर्यावरण मंजूरी के प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ निस्तारण किया जाए, ताकि आवेदकों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि आवेदकों को उनके उद्योग स्थापित करने और अन्य कार्यों के लिए नियमानुसार स्वीकृतियां मिलें। उन्होंने वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) में लंबित प्रकरणों को भी जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

### एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

बैठक में प्रमुख शासन सचिव वन एवं पर्यावरण शिखर अग्रवाल ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर एक जुलाई 2022 से प्रतिबंध के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) दीप नारायण पांडेय और अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरिन्दम तोमर ने भी विभागीय प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) स्नेह कुमार जैन सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मिश्र ने किया नक्की झील का भ्रमण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार सायं को माउंट आबू की नक्की झील पहुंचे। इस दौरान राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों ने झील में बोटिंग भी की। राज्यपाल मिश्र ने राजभवन की जेटी से करीब एक घंटे तक नक्की झील के सुरम्य परिवेश का आनंद लिया। राज्यपाल ने कहा कि हरियाली से लदे पहाड़ों के बीच कटोरानुमा झील की नैसर्गिक सुंदरता अद्भुत है। उन्होंने नक्की झील के सुरम्य वातावरण को सुरक्षित रखने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आमजन से अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ नक्की के आस-पास सुनियोजित विकास करते हुए पर्यटन गतिविधियों का क्रियान्वयन किए जाने का आह्वान किया।

### राज्यपाल आंतरिक सुरक्षा अकादमी जाएंगे

राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार को प्रात: माउंट आबू स्थित आंतरिक सुरक्षा अकादमी जाएंगे। बाद में राजभवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में आंतरिक सुरक्षा अकादमी एवं सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

# राजीविका की महिलाओं के जैविक उत्पादों का हो सकेगा प्रमाणीकरण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से उत्पादित जैविक उत्पादों का प्रमाणीकरण राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था की ओर से किया जाएगा। इस सम्बन्ध में राजीविका की राज्य मिशन निदेशक मंजू राजपाल और राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था के निदेशक महेश वर्मा ने मंगलवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। राजीविका द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा आठ जिलों के 19 ब्लॉक के 353 गांवों में 2780 हैक्टेयर में जैविक खेती की जाएगी। महिला किसानों के जैविक उत्पादों का प्रमाणीकरण होने से प्रमाणित जैविक उत्पादों के विपणन करने में आसानी होगी। इससे इन जैविक उत्पादों की उत्पादक महिलाओं के आर्थिक स्वालम्बन की राह प्रशस्त होने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान बीज एवं प्रमाणीकरण संस्था स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जैविक खेती व प्रमाणीकरण में तीन वर्ष तक सहयोग प्रदान करेगी।



एसकेआईटी के आईईईई कंप्यूटर सोसाइटी और एमटीटी छात्र अध्याय की ओर से डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग एंड इट्स इमर्जिंग एप्लीकेशन विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में हरिद्वार से असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक आर्य थे। टॉक की शुरुआत डॉ.नीलम चौधरी ने की। इस इंटरेक्टिव सत्र में विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग और इसके अनुप्रयोगों के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग में उपयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीकों जैसे एन्हांसमेंट, कम्प्रेशन, एन्क्रिप्शन, सेगमेंटेशन आदि के बारे में जानकारी दी।

# नार्वे के राजदूत ने सराहा आशा सहयोगिनियों का कार्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नार्वे के भारत में राजदूत हैंस जैकब ने राजस्थान की आशा सहयोगिनियों के कार्य की सराहना करते हुए देश की आशा वर्कर्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्लोबल हैल्थ अवार्ड जीतने की बधाई दी। उन्होंने अपने ट्वीटर अकान्ट पर राजस्थान की आशा सहयोगिनियों की एक फोटो साझा की, जिसमें मिनिस्टर काउंसलर और मिशन नार्वे की डिप्टी हैड मार्टिन आमडल बोथेम अलवर जिले के किशनगढ़बास के चिकानी आंगनबाडी केन्द्र के बाहर आशा सहयोगिनियों के साथ खडी है। मिनिस्टर काउंसलर और मिशन नार्वे की डिप्टी हैड मार्टिन आमडल बोथेम ने अपने ट्वीट में लिखा कि राजस्थान की आशा कार्यकर्ताओं के काम के प्रति समर्पण भाव से मैं बहुत प्रभावित हुई हूं। बहुप्रतिष्ठित ग्लोबल हैल्थ अवार्ड के लिए बधाई। गौरतलब है कि मार्टिन आमडल हाल ही में निप्पी की टीम के साथ राजस्थान आयी थी और उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आशा कार्यकर्ताओं के समर्पित भाव से कार्य को नजदीक से देखा था। इस दौरान उन्होंने मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं अन्य अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की थी और राजस्थान के हैल्थ मॉडल की प्रशंसा भी की थी। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लोगों को हैल्थ सिस्टम से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को ग्लोबल हैल्थ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

सांसद को रेलवे ने ऐसे रखा राजी

# जयपुर के बजाय बीकानेर से चलाई जाने वाली प्रयागराज सुपरफास्ट को दो रूटों से चलाने का निर्णय किया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने चूरू सांसद राहुल कस्वा को आखिर राजी कर ही दिया। उनकी मांग पर रेलवे ने जयपुर-प्रयागराज के बीच चलने वाली ट्रेन जिसे बीकानेर से चलाई जानी है उस ट्रेन को सांसद की मांग के अनुसार नवलगढ़, झुंझुनूं, चिड़ावा, लोहारू होकर चलाने का निर्णय किया है। ये ट्रेन सप्ताह में दो अलग-अलग रूटों से होकर चलेगी। इस ट्रेन के संचालन के कारण 3 ट्रेनों की टाइमिंग में भी बदलाव किया है।



उत्तर पश्चिम रेलवे से मिली रिपोर्ट के मुताबिक गाड़ी संख्या 04703, जयपुर-बीकानेर स्पेशल ट्रेन सप्ताह में 4 दिन मंगल, बुध, शुक्र और रविवार को वाया सीकर-फतेहपुर शेखावाटी-चूरू होकर बीकानेर जाएगी। यही ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरूवार और शनिवार को सीकर-नवलगढ़-झुंझुनूं-लोहारू-सादुलपुर-चूरू रूट से होकर बीकानेर जाएगी, हालांकि इस ट्रेन का नंबर बदलकर 04703 की जगह 04705 कर दिया है। इस रूट से ट्रेन 150 किलोमीटर ज्यादा चलेगी और समय भी करीब 3 घंटे ज्यादा लगेंगे। साथ ही इस रूट से जाने वाले यात्रियों को रेलवे को किराया भी ज्यादा देना पड़ सकता है। जयपुर से बीकानेर के लिए ये ट्रेन 27 मई से 1 अक्टूबर तक रोजाना दोपहर 12:40 बजे चलाई जाएगी। इस दौरान ये ट्रेने रींगस, सीकर, रतनगढ़, चूरू, राजलदेसर, श्रीडूंगरगढ़, नापासर स्टेशनों पर भी रूकेगी। वहीं रिर्टन में बीकानेर से जयपुर के लिए ट्रेन नं. 04704 ट्रेन मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सीकर-फतेहपुर शेखावाटी-चूरू के रास्ते, जबकि ट्रेन नं. 04706 हर सप्ताह सोमवार, गुरूवार और शनिवार को सीकर-नवलगढ़-झुंझुनूं-लोहारू-सादुलपुर-चूरू रूट से होकर जयपुर आएगी। ये ट्रेन बीकानेर से जयपुर के लिए हर रोज दोपहर 2:50 बजे रवाना होगी। आपको बता दें कि इस ट्रेन को सीकर-नवलगढ़-झुंझुनूं-लोहारू-सादुलपुर-चूरू चलवाना चाहते थे, लेकिन रेलवे इस ट्रेन को सीकर-फतेहपुर शेखावाटी-चूरू के रास्ते चलाना चाह रहा था। सांसद ने पिछले दिनों एक पत्र लिखकर रेलवे को इस ट्रेन को इन दोनों रूटों से अलग-अलग दिन ट्रेन चलाने का सुझाव दिया था।

### इन ट्रेनों की टाइमिंग में हुआ बदलाव

**इस** ट्रेन को अलग-अलग रूट से चलाने के कारण रेलवे को 3 ट्रेनों की टाइमिंग में भी बदलाव करना पड़ा है। ट्रेन नं. 19333 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस को सुबह 8:10 बजे पहुंचने के बजाए 8:40 बजे यानी आधा घंटा देरी से बीकानेर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नं. 04855 बीकानेर-रतनगढ़ डीएमयू को बीकानेर से सुबह 4:35 के बजाए सुबह 4.15 बजे यानी 20 मिनट पहले रवाना किया जाएगा। इसके अलावा ट्रेन नं. 04790 बीकानेर-रेवाड़ी गाड़ी जो रतनगढ़ स्टेशन पर शाम 4:45 बजे पहुंचकर 4:50 बजे रवाना होती है वह 5 मिनट पहले यानी शाम 4:40 बजे पहुंचेगी और 4:45 रवाना होगी।